वर्ष : 18 अंक: 52 | आगरा | शनिवार 26 अप्रैल 2025 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.



उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

# कठुआ में दिखाई दिए चार संदिग्ध, कश्मीर में 2 लश्कर आतंकियों के घर में ब्लास्ट

**जम्मू(ए)।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ के चन्नी इलाके में रेलवे ट्रैक यार्ड के पास शुक्रवार को चार संदिग्ध व्यक्ति देखे गए हैं। इस बात की जानकारी कुछ महिलाओं ने दी। पुलिस और सुरक्षा बलों ने मौके पर पहुंचकर सर्च ऑपरेशन चलाया हुआ है और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। अभी तक इस मामले में अधिक जानकारी का इंतजार है। कठुआ पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है। उनका कहना है कि जल्द ही इस मामले में अधिक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

कश्मीर में शुक्रवार को पहलगाम हमले से जुड़े लश्कर-ए-तैयबा के 2 आतंकवादियों के घर ब्लास्ट में ढह गए। सेना के सूत्रों ने बताया कि त्राल में सुबह आसिफ शेख और अनंतनाग के बिजबेहरा में आदिल ठोकेर के घर सर्च ऑपरेशन चल रहा था। ऑपरेशन के दौरान दोनों घरों में एक्सप्लोसिव मिले। जवान सेफ्टी के लिए पीछे हटे और इसी दौरान धमाका हो गया। धमाके में दोनों घर पूरी तरह से तबाह हो गए हैं। उधर, बांदीपोरा में चल रहे एनकाउंटर में एक आतंकवादी मारा गया है। 2 जवान भी घायल हैं। आतंकियों के छिपे होने की सूचना के बाद यहां शुक्रवार सुबह से ही सर्चिंग चल रही थी। पाकिस्तानी सेना ने भी



शुक्रवार सुबह लाइन ऑफ कंट्रोल के कई इलाकों में फायरिंग की। भारतीय सेना ने तुरंत इसका जवाब दिया।

मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि लश्कर-ए-तैयबा चीफ हाफिज सईद का भी पहलगाम हमले में रोल था। लश्कर ने पहलगाम में अपनेआतंकियों और स्थानीय आतंकियों की मदद से अंजाम दिया था। मुंबई हमले का आरोपी हाफिज पहलगाम अटैक की प्लानिंग को भी कंट्रोल कर रहा था।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शुक्रवार को श्रीनगर पहुंचे। यहां सेना के कमांडर्स ने जनरल द्विवेदी को हालात और आतंकियों के खिलाफ सेना द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी। सेना प्रमुख को एलओसी के मौजूदा हालात की भी जानकारी दी।

बता दें शुक्रवार सुबह एलओसी पर पाकिस्तान की ओर से कुछ जगहों गोलीबारी हुई। भारतीय सेना ने इसका जवाब भी दिया। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर आर्मी चीफ का यह दौरा काफी अहम है। भारतीय सेना प्रमुख यहां सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए शुक्रवार को श्रीनगर का यह दौरा कर रहे हैं। इस दौरान वह महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों पर जाएंगे। आर्मी चीफ की इस विजिट में उन्हें आतंकवादियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी दी जा रही है।

जम्मू कश्मीर में तैनात भारतीय सेना के टॉप कमांडर्स आर्मी चीफ को सैन्य संरचनाओं की भी जानकारी देंगे। आर्मी चीफ कश्मीर घाटी और नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा बलों द्वारा किए गए आतंकवाद विरोधी उपायों की भी जानकारी ले रहे हैं। आर्मी चीफ की इस विजिट के दौरान सेना की 15 कोर के कमांडर और राष्ट्रीय राइफल्स के अन्य कमांडर मौजूद थे। सेना प्रमुख अवंतीपोरा में विक्टर फोर्स के मुख्यालय का दौरा करेंगे। यह सेना का एक डिवीजन है जो दक्षिण कश्मीर में ऑपरेशन का प्रभारी है।

# यूपी बोर्ड के नतीजे घोषित, हाईस्कूल 90.11 प्रतिशत, इंटरमीडिएट में 81.15 फीसद छात्र हुए उत्तीर्ण

**प्रयागराज ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शुक्रवार को 10वीं और 12वीं का परिणाम घोषित कर दिया है। हाई स्कूल में 90.11 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए, वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में 81.15 फीसद छात्र उत्तीर्ण हुए। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सभापति डा. महेंद्र देव और सचिव भगवती सिंह तथा परीक्षा समिति के सदस्यों के साथ परीक्षा परिणाम को घोषित किया गया है।



इस वर्ष 10वीं और 12वीं की परीक्षा के लिए कुल 54,37,233 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं, जिसमें हाईस्कूल के परीक्षार्थियों की संख्या 27,32,216 तथा इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों की संख्या 27,05,017 है। हाईस्कूल में 14,49,736 छात्र तथा 12,82,458 छात्राएं पंजीकृत हैं। इंटरमीडिएट में 14,58,983 छात्र तथा 12,46,024 छात्राएं पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं दिनांक 24 फरवरी, 2025 से 12 मार्च, 2025 के मध्य सम्पन्न हुईं।

इस वर्ष यूपी बोर्ड द्वारा कुल 8,140 परीक्षा केन्द्रों पर 13 कार्य दिवसों में परीक्षाएं सफलतापूर्वक संपन्न कराई गईं। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 19 मार्च, 2025 से 2 अप्रैल, 2025 के मध्य निर्धारित कुल 261 मूल्यांकन केंद्रों पर सम्पन्न हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की 10वीं एवं 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई।

आप सभी ने अपने अथक परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ निश्चय से यह सफलता प्राप्त की है। यह उपलब्धि आपके अभिभावक एवं गुरुजनों को गौरवान्वित करने वाली है। आप सभी को उज्ज्वल भविष्य हेतु अनंत शुभकामनाएं। एक अन्य पोस्ट में सीएम योगी ने लिखा, विद्यार्थियों, विफलता निराशा का आधार नहीं होना चाहिए, यह आत्म-मूल्यांकन का एक अवसर देती है। निराश न हों, फिर से प्रयास करें। सफलता आपकी राह देख रही है।

# राहुल गांधी पहलगाम अटैक के पीड़ित से मिले

**श्रीनगर(ए)।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आज श्रीनगर के दौरे पर गए हैं। इस दौरान उन्होंने आतंकी हमले के पीड़ित से भी मुलाकात की। राहुल गांधी ने कहा कि आतंकवादियों का इरादा समाज को बांटना है और हमें आतंकवादियों को सफल नहीं होने देना है। मैं सभी को बताना चाहता हूं कि पूरा देश एक साथ खड़ा है। जो कुछ हुआ है उसके पीछे समाज को बांटने की मंशा है।

राहुल गांधी ने कहा कि ये देखकर दुख होता है कि कुछ लोग जम्मू-कश्मीर में हमारे भाई-बहनों पर हमला कर रहे हैं। जो कुछ भी हुआ है, उसके पीछे समाज को बांटने की मंशा है। मैंने घायल हुए लोगों में से एक पीड़ित से मुलाकात



की है, साथ ही मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और एलजी मनोज सिन्हा से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मेरा प्यार और स्नेह उन लोगों के प्रति है, जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को खो दिया है। कल हमारी सरकार के साथ बैठक हुई। हमने कहा कि हम सरकार द्वारा उठाए जाने वाले हर कदम का समर्थन करते है। राहुल गांधी ने कहा कि मैं यहां ये जानने आया हूं कि यहां पर क्या हो रहा है। जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों ने इस हमले की निंदा की है ।

# आईटी सेक्टर में मप्र करेगा अपनी विशेष पहचान स्थापित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्तमान और भविष्य की तकनीक का आधार आईटी है। प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार करते हुए समय के साथ चलने के लिए आईटी सेक्टर में निवेश और गतिविधियों का विस्तार आवश्यक है। इसी उद्देश्य से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद पहली सेक्टर आधारित कॉन्क्लेव आईटी पर केन्द्रित की जा रही है। प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों में आईटी इंडस्ट्री का पर्याप्त आधार विद्यमान है। राज्य सरकार आवश्यक सहयोग और समर्थन उपलब्ध कराकर प्रदेश की आईटी इंडस्ट्री को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर तक व्यापक स्वरूप देने की इच्छुक है। इंदौर में 27 अप्रैल को होने वाली टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव इस दिशा में निश्चित ही परिणाममूलक रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर में होने वाली आईटी कॉन्क्लेव के संबंध में विभिन्न



जिलों के उद्योगपतियों से समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) से वर्चुअली संवाद कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से संवाद में उद्योगपतियों ने आईटी पार्क के विस्तार की आवश्यकता बताई। साथ ही आईटी के क्षेत्र में कार्य कर रहे उद्योगपतियों ने दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए शिक्षा और औद्योगिक गतिविधियों में समन्वय, स्टार्ट-अप में उद्यमिता की संस्कृति को विकसित करने, प्राकृतिक गैस पर टैक्स कम करने और प्रदेश में स्टार्ट-अप कम्युनिटी के मध्य बेहतर समन्वय संबंधी चर्चा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से संवाद में वॉक-टू-वर्क सुविधा के साथ आईटी पार्क विकसित करने, प्रदेश में डिजिटल इकोनॉमी मिशन लागू करने और एआई आधारित गतिविधियों की अन्य उद्योगों में स्वीकार्यता बढ़ाने की दिशा में कार्य करने पर भी विचार-विमर्श हुआ।

**उद्योगपतियों के नवाचार की सराहना**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों की पहल और नवाचार की सराहना करते हुए उन्हें गतिविधियों के विस्तार के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह संवाद राज्य शासन और आईटी के क्षेत्र में कार्य कर रहे उद्योगपतियों के बीच मजबूत रिश्तों का आधार बनेगा और सबके सहयोग से मध्यप्रदेश आईटी सेक्टर में अपनी विशेष पहचान स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर, ग्वालियर, भोपाल और इंदौर में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न उद्योगपतियों से संवाद किया। उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उनकी कम्पनियों के कार्यों, निवेश, रोजगार की जानकारी से अवगत कराया। आईटी और संबंधित क्षेत्रों में मध्यप्रदेश को अग्रणी बनाने के संबंध में सुझाव भी दिए।

# अब अनुकंपा नियुक्ति के लिए नहीं पड़ेगा भटकना

**भोपाल ।** मप्र में अनुकंपा नियुक्ति के लिए आश्रित परिवारों को सरकारी विभागों के चक्कर नहीं काटने होंगे। अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया आसानी से पूरी हो जाए और आश्रित को भटकना न पड़े इसके लिए राज्य शासन द्वारा एक नया ऑनलाइन पोर्टल तैयार किया गया है। इसके जरिए आश्रितों को जल्द से जल्द अनुकंपा नियुक्ति का लाभ मिल सकेगा। इस पोर्टल में हर जिले के अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को अपलोड किया जाएगा। साथ ही पोर्टल पर विभागों में खाली पदों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। इससे यह पता लगाना आसान होगा कि किस विभाग में कितने पद खाली हैं, जहां अनुकंपा नियुक्ति की जा सकती है।

सरकार की नई व्यवस्था से अनुकंपा नियुक्ति से जुड़ी 100 फीसद प्रक्रिया ऑनलाइन की जा रही है। इस पर परिजनों द्वारा आवेदन से लेकर सुनवाई और पात्रता पूरी करने वाले परिवार के सदस्य को नियुक्ति आदेश सब कुछ ऑनलाइन ही जारी किए जाएंगे। अब मृत शासकीय सेवकों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति देने से जुड़े मामलों में बाबू हो या अफसर, कोई भी अड़ंगे नहीं लगा पाएंगे। यदि तय अवधि के बाद फाइलें रोकी तो उसे कार्रवाई के दायरे में लिया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देश के बाद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की एमपीएसईडीसी ने अनुकंपा नियुक्ति संबंधी ऑनलाइन पोर्टल बना दिया है। सभी अपर मुख्य सचिव, मुख्य सचिव, सचिव, उप सचिव और विभाग प्रमुखों को इसकी सूचना भी दी है। यही नहीं, इस पोर्टल को उपयोग करने संबंधी प्रशिक्षण भी दे दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मध्यप्रदेश के हर जिलों को मिलेगी अत्याधुनिक शव वाहन सेवा

**भोपाल ।** दूरदराज इलाकों से ठेला, कंधे और साइकिल पर शव ले जाने वाली तस्वीरें अब मध्यप्रदेश में नहीं दिखाई देगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की मदद से मोहन सरकार पूरे प्रदेश में 148 अत्याधुनिक शव वाहनों की सेवा शुरु कर रही है। जरूरतमंद 1080 नंबर पर कॉल कर शव वाहन बुलाकर शव को घर तक ले जा सकते है। शव वाहनों के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। एक महीने में शुरू होने वाली सेवा के प्रथम चरण में 60 शव वाहन शुरू करने की योजना है। यानी सभी जिलों में एक-एक वाहन भेजा जाएगा। भोपाल के जीएमसी जैसे बड़े मेडिकल कॉलेज में दो या अधिक वाहन भी दिए जा सकते हैं, क्योंकि यहां से प्रदेशभर के अलग-अलग जिलों से मरीज पहुंचते हैं। बाद में हर जिले को दो से तीन शव वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे।

### मेधा पाटकर की गिरफ्तारी, फिर रिहा हुई

**नई दिल्ली(ए)।** दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार सुबह नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर को गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि, कोर्ट ने मेधा पाटकर को प्रोबेशन बॉन्ड पेश करने और मुआवजा राशि जमा करने की शर्त पर दोपहर में रिहा कर दिया। मेधा पाटकर की गिरफ्तारी दिल्ली के निजामुद्दीन से की गई थी। मेधा के खिलाफ कोर्ट ने गैरजमानती वारंट जारी किया था। यह कार्रवाई दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की दायर मानहानि याचिका में की गई है। साकेत कोर्ट ने 23 अप्रैल को मेधा पाटकर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। अदालत ने पाटकर को प्रोबेशन बॉन्ड और एक लाख रुपए का जुर्माना जमा करने का निर्देश दिया था।

## दुनिया भर के नेताओं ने पीएम से की बात

# तुलसी गबार्ड बोलीं: हिंदुओं पर भीषण इस्लामी आतंकी हमला

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दुनिया के तमाम देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़े हैं। आज पीएम मोदी से ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर, श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने बात की है। सभी ने पहलगाम आतंकी हमले की आलोचना की और भारत के साथ खड़े होने की प्रतिबद्धता दोहराई है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक, तुलसी गबार्ड ने इसे हिंदुओं को निशाना बनाकर किया गया भीषण इस्लामी आतंकी हमला बताया है।



आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ दुनिया के तमाम देश खड़े हैं। इस कड़ी में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने फोन किया है। इस दौर उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि त्रासदी की इस घड़ी में ब्रिटेन भारत के साथ खड़ा है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने प्रधानमंत्री मोदी को निर्दोष लोगों की मौत पर अपनी संवेदना व्यक्त की।

**कठिन समय में भारत के साथ खड़े हैं- दिसानायके**

वहीं श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने आज पीएम मोदी ने बातचीत की है। इसे लेकर सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा- पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले से गहरा सदमा लगा है जिसमें 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई। श्रीलंका की एकजुटता और आतंकवाद के खिलाफ हमारी साझा प्रतिबद्धता को व्यक्त करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की। हम पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। हम इस कठिन समय में भारत के साथ खड़े हैं।

# नीट पेपर लीक का मास्टरमाइंड संजीव मुखिया गिरफ्तार, 3 लाख रुपए का था इनाम

**पटना ,एजेंसी।** नीट पेपर लीक मामले में बिहार पुलिस को शुक्रवार को बड़ी कामयाबी मिली। एसटीएफ और ईओयू की टीम ने मास्टरमाइंड संजीव मुखिया को गिरफ्तार कर लिया। पेपर लीक के बाद से ही वह फरार चल रहा था। संजीव मुखिया पर 3 लाख रुपए का इनाम घोषित था। वह पटना के सगुना मोड़ इलाके स्थित एक अपार्टमेंट में छिपा हुआ था। ईओयू के एडीजी नैय्यर हसनैन खान ने गिरफ्तारी की पुष्टि की। गिरफ्तारी के बाद संजीव मुखिया को कोर्ट में पेश किया जाएगा। इसके बाद एसटीएफ और ईओयू उसे रिमांड पर लेने की कोशिश करेगी। इसके बाद आरोपी से पूछताछ होगी। जानकारी के अनुसार, संजीव मुखिया नीट में धांधली कराने वाले गिरोह का मुख्य संचालक है। लंबे समय से एसटीएफ और ईओयू की टीम को उसकी तलाश थी। संजीव मुखिया की गिरफ्तारी के बाद पूरे गिरोह का भंडाफोड़ और



कई अहम खुलासे होने की संभावना है। संजीव मुखिया बिहार के नालंदा जिले का रहने वाला है। पटना सिविल कोर्ट ने जनवरी में ही संजीव की गिरफ्तारी का वारंट जारी किया था। अदालत ने कहा था कि अगर एक महीने में उसकी गिरफ्तारी नहीं होती है या फिर वह खुद कोर्ट में पेश नहीं होता है तो उसकी संपत्ति कुर्क की कार्रवाई की जाएगी।

# केंद्र ने कहा: पाकिस्तान को एक बूंद पानी नहीं देंगे



**नई दिल्ली (ए)।** पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता स्थगित करने पर शुक्रवार को जल शक्ति मंत्रालय की बैठक हुई। इसे 3 चरणों में पूरा करने का फैसला लिया गया है। बैठक के बाद केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने बताया कि इसे लेकर 3 तरह की रणनीति बना रहे हैं। पाकिस्तान को एक बूंद पानी नहीं मिलेगा।

इस बैठक में सिंधु जल संधि पर लिए गए फैसले को जल्द से जल्द अमल में लाने की बात कही गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस बैठक में यह फैसला लिया गया है कि एक बूंद भी पानी पाकिस्तान न जाए, इसकी व्यवस्था बनाने की बात कही गई है। मीटिंग केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के घर पर हुई। इसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर और जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल शामिल हुए थे। हालांकि 3 चरणों और 3 तरह की रणनीति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद 23 अप्रैल को केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को स्थगित करने का फैसला लिया था।

**उमर अब्दुल्ला बोले- हम कभी सिंधु जल समझौते के पक्ष में नहीं थे**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने श्रीनगर में आज कहा, भारत सरकार ने कुछ कदम उठाए हैं। जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, हम कभी भी सिंधु जल समझौते के पक्ष में नहीं रहे हैं। हमारा हमेशा से मानना रहा है कि सिंधु जल संधि जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए सबसे गलत दस्तावेज है। इससे कश्मीर को नुकसान है।

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बड़ा फैसला लिया है। गृह मंत्रालय ने पाकिस्तान से जुड़े सारे वीजा कैंसिल करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में गृहमंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात की है। अमित शाह ने मुख्यमंत्रियों से कहा है कि वे अपने-अपने राज्यों से पाकिस्तान के लोगों को जल्द से जल्द हटाएं। गृहमंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक के बाद ये फैसला लिया है।

# मंत्री श्री सुनील कुमार शर्मा ने बाबा साहेब को श्रद्धासुमन किए अर्पित

## मंत्री जी ने बाबा साहेब के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**अलीगढ़।** प्रदेश के मा0 मंत्री इलैक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रोद्योगिकी विभाग श्री सुनील कुमार शर्मा जी द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डा0 भीमराव राम जी आम्बेडकर जी की 135 वीं जयंती के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रंखला में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम का बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया गया। मंत्री जी ने कहा कि यदि किसी के व्यक्तिव को छोटा करना हो तो उसे किसी वर्ग विशेष तक सीमित कर दो। मा0 मोदी जी से पूर्व सभी सरकारों ने बाबा साहेब के व्यक्तिव के साथ यही किया। बाबा साहेब सर्व समाज के नेता थे और उन्होंने दलितों, पिछड़ों, श्रमिकों और महिलाओं के अधिकारों व सम्मान के लिए कार्य किया। बाबा साहेब बटवारे के खिलाफ थे और शत-प्रतिशत बटवारा चाहते थे। उन्होंने कश्मीर में धारा 370 का विरोध किया था। वह जातिवाद और कुरीतियों के विरोधी थे, लेकिन हिदुत्व के विरोधी नहीं थे। कांग्रेस ने उनको सदैव अपमानित करने का कार्य किया और 1954 में चुनाव हरवाया। कांग्रेस के दो-दो प्रधानमंत्रियों ने स्वयं के जीवित रहते हुए भारत रत्न लिया लेकिन कभी बाबा साहेब की सुध नहीं ली। बाबा साहेब को जनता दल सरकार में श्रद्धेय अटल जी की पहल पर भारत रत्न देकर सही सम्मान दिया गया। मोदी जी ने बाबा साहेब से संबंधित स्थलों को पंच तीर्थ घोषित कर उनका विकास कराया। बाबा साहेब का व्यक्तित्व बहुत विशाल है और वह सम्पूर्ण भारतवर्ष के नेता हैं। विधायक हाथरस श्रीमती अंजुला माहौर ने कहा कि बाबा साहेब के लिए कुछ बोलना सूरज को दीपक दिखाने जैसा है। जिस प्रकार त्रेता में बाल्मीकी जी ने रामायण, द्वापर में वेदव्यास जी ने महाभारत जैसे ग्रंथ समाज को दिए उसी प्रकार कलियुग में बाबा साहेब ने संविधान की रचना कर आमजन



के अधिकारों और दायित्वों का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने उपस्थितजनों से आव्हान किया कि बाबा साहेब के दिखाए रास्ते पर चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विधायक इगलास श्री राजकुमार सहयोगी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में संविधान में 70 बार परिवर्तन किया। संविधान की आत्मा माने जाने वाले प्रस्तावना तक को बदला गया। मा0 मोदी जी ने बाबा साहेब के सम्मान में देश के साथ ही लंदन में भी उनका स्मारक बनाकर उनको सम्मान देने का कार्य किया। बाबा साहेब के सिद्धांतों पर चलकर ही आज देश-प्रदेश में शिक्षा पर बल दिया जा रहा है। अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार द्वारा देश-प्रदेश में बाबा साहेब के सम्मान में 14 अप्रैल से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए जा रहे हैं। हमारी सरकार संविधान बदलने का नहीं बल्कि बाबा साहेब को सम्मान देने का कार्य कर रही है। मा0 पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं विधायिका श्रीमती रामसखी कठेरिया ने सभी से बाबा साहेब के संघर्ष और आदर्शों को याद कर उन पर चलने का आव्हान किया। इस अवसर पर मा0 ब्लॉक प्रमुख अकराबाद ठा0 राहुल सिंह, जिला उपाध्यक्ष श्री गौरव शर्मा, चेयनमैन चण्डौस श्री डीएस भारती, पूर्व ब्लॉक प्रमुख बिजौली श्री महेश खटीक, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष हरि किशन कोरी, जिला महामंत्री श्री अनेक पाल सिंह, कार्यक्रम संयोजक श्री सुनील गुप्ता समेत अन्य मा0 जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री श्री शिव नारायण शर्मा एवं डा0 मुकेश सूर्यवंशी द्वारा किया गया। अन्त में मा0 जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण पाल सिंह ने अपना अध्यक्षीय उद्बोधन देकर सभी आंगतुकों का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

# बल्केश्वर में घर की चौथी मंजिल में लगी भीषण आग: मच गई अफरा-तफरी, लाखों का सामान जलकर राख





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** बल्केश्वर के भगवान नगर में बृहस्पतिवार की शाम को चार मंजिला इमारत की चौथी मंजिल पर आग लग गई। उस वक्त घर में कोई नहीं था। लपटें तेज होने पर पड़ोसियों के शोर मचाने पर आसपास के लोग जुट गए। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों को संकरी गली में चौथी मंजिल पर बने फ्लैट की आग बुझाने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। भगवान नगर के रहने वाले मनमोहन शर्मा टोरंट में कार्यरत हैं। चौथी मंजिल पर बने फ्लैट में वह पत्नी नेहा और चार साल की बच्ची के साथ रहते हैं। शाम करीब साढ़े सात बजे नेहा दूध लेने नीचे आईं तभी लपटें उठती देखकर लोगों ने उनके घर में आग लगने की जानकारी दी। कुछ देर में आसपास के लोगों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए।इसी बीच कमला नगर का फोर्स पहुंचा और करीब आठ बजे दमकल कर्मी भी पहुंच गए। संकरी गली में पाइपों की मदद से आग बुझाने की मशक्कत शुरू कर दी गई। 45 मिनट की कवायद के बाद आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक फ्लैट में रखा लाखों का सामान जलकर नष्ट हो गया। इस संबंध में इंस्पेक्टर का कहना है कि जिस वक्त आग लगी, घर में कोई मौजूद नहीं था। घने इलाके में आग लगने से आसपास के घरों में भी दहशत फैल गई। अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। पूरी इमारत के लोग बाहर आ गए।

# यातायात पुलिस कर्मियों को वितरित किए एसी हेलमेट





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** आगरा शहर मैं जहाँ तापमान लगातार बढ़ रहा है वहीं यातायात पुलिस इतनी भीषण गर्मी मैं भी अपने सभी कार्य करने मैं लगी हुई है फिर चाहे जो जाम का झाम हो या यातायात डायर्वेर्जन यातायात पुलिस सभी काम जी जान लगा कर करती नज़र आ रहीं है द्य ऐसे ही एक नज़ारा सांध्य पहल के कैमरे मैं कैद हुआ जब आगरा के प्रमुख चौराहो मैं से एक वाटर वर्क्स चौराहे पर मौजूद यातायात टी एस आई अपूर्व मिश्रा और हेड कांस्टेबल पवन कुमार अपने साथियो के साथ कड़ी धूप और भीषण गर्मी मैं यातायात को सुचारू रूप से चलाने मैं लगे रहे द्य ऐसी गर्मी को देखते हुए यातायात पुलिसकर्मियों को ए सी हेलमेट भी वितरित किये गए जिससे उन्हें कड़ी धूप और गर्मी से निजात मिल सके डी सी पी ट्रैफिक द्वारा यातायात पुलिस कर्मियों को 100 ए सी हेलमेट विरित किये गए आगरा शहर मैं जहाँ तापमान 45-48 डिग्री तक पहुँच जाता है ऐसे मै यातायात कार्मिकों को काफ़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है फिर चाहे मौसम कैसा भी क्यूँ ना हो गर्मी हो या सर्दी यातायात पुलिस अपनी जिम्मेदारियों का पालन प्रमुख रूप से करती नज़र आती है , जहाँ एक ओर जिलाधिकारी आगरा ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी स्कूलों के समय को परिवर्तित कर दिया है वहीं दूसरी ओर डी सी पी ट्रैफिक ने बढ़ते तापमान को देखते हुए शहर के चौराहो पर खुले आसमान के नीचे कड़ी दूप मैं अपनी ड्यूटी करने वाले यातायात पुलिसकर्मियों को एसी हेलमेट दिए गए, जिससे ड्यूटी करने वाले यातायात पुलिस कर्मी को गर्मी से निजात मिल सकें और उनका स्वस्थ भी ठीक रहे।

# छात्राओं के शोषण प्रकरण में भाकियू भानू व विश्व हिंदू महासंघ ने की प्राचार्य को निलंबित करने की मांग

**हाथरस।** ।शहर के बागला डिग्री कॉलेज में छात्राओं के यौन शोषण के मामले में भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) एवं विश्व हिंदू महासंघ ने कॉलेज के प्रिंसिपल को निलंबित व विभागीय कार्यवाही करने की मांग की है।भारतीय किसान यूनियन भानू ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कॉलेज के प्रिंसिपल महावीर सिंह छोंकर पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। यूनियन का कहना है कि प्रिंसिपल शोषण के आरोपी प्रोफेसर रजनीश को बचाने का प्रयास कर रहे थे।प्रिंसिपल पर छात्राओं को धमकाने का भी आरोप लगा है। ज्ञापन में कहा गया है कि कॉलेज में शैक्षणिक माहौल की जगह राजनीति हावी हो गई है। कुछ लोगों द्वारा प्रिंसिपल को माला पहनाकर सम्मानित करने की घटना को जांच को प्रभावित करने का प्रयास बताया गया है। भाकियू भानू ने छात्राओं के भविष्य की सुरक्षा को देखते हुए प्रिंसिपल को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की है। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही कर निलंबित करने की भी मांग की गई है। यूनियन का कहना है कि यह कदम भविष्य में किसी भी छात्रा के साथ होने वाले शोषण को रोकने के लिए जरूरी है।ज्ञापन देने वालों में भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय महासचिव अनूप चौधरी व प्रदेश अध्यक्ष कृष्णकांत रावत आदि शामिल थे।उक्त प्रकरण को लेकर विश्व हिंदू महासंघ के



पदाधिकारियों ने आज एसडीएम सदर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है और उन्होंने भी ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि शहर के बागला डिग्री कालेज के प्राचार्य की हरकतों ने कालेज को बदनाम करके रख दिया है। अभी फिलहाल ही प्रोफेसर रजनीश कुमार को जेल भेजा गया था। उसी प्रकरण में प्राचार्य की भी संलिप्तता है । उनका आरोप है कि आये दिन कालेज में छात्राओं का शोषण हो रहा है। इस शोषण के खिलाफ आवाज उठाने वाली छात्राओं को प्राचार्य द्वारा धमकाया जाता है, जिसके कारण बागला डिग्री कालेज की बहुत बदनामी हो रही है।ज्ञापन में आरोप लगाते हुए कहा गया है कि छात्राओं के शोषण के आरोपी प्रो.रजनीश को प्राचार्य महावीर सिंह छौंकर द्वारा कई बार बचाने का प्रयास किया गया और छात्राओं को धमकाया गया। विद्यालय में प्राचार्य का माला पहनाकर कुछ लोगों द्वारा सम्मान किया जा रहा है और महाविद्यालय में शिक्षा की जगह राजनीति की जा रही है। जबकि शिक्षण संस्थान में बिना जाति भेदभाव के छात्रों को शिक्षा देनी चाहिए। जबकि पीसी बागला डिग्री कालेज में प्राचार्य द्वारा अनैतिक राजनीति की जा रही है जो कि निन्दनीय है। प्राचार्य के रहते जॉच कभी निष्पक्ष नहीं हो सकती। यह जाँच को भी प्रभावित करेंगे।विश्व हिन्दू महासंघ के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से माँग की हैं कि कालेज के छवि को धूमिल करने वाले प्राचार्य को तत्काल प्रभाव से हटाया जाय और विभागीय कार्यवाही कर निलम्बित किया जाय। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष प्रखर वार्ष्णेय, जिला संयोजक प्रशांत प्रताप सिंह, जिला मंत्री प्रशांत मिश्र आदि शामिल थे।

# प्रतियोगी परीक्षा के विजेताओं को किया सम्मानित

**हाथरस।** शिक्षा प्रोत्साहन अभियान के तहत 20 अप्रैल को आयोजित प्रतियोगी परीक्षा के मेधावी छात्र छात्राओं को कजरौठी स्थित श्री धीरी सिंह विद्युत देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

कजरौठी, लुहेटा, कुरावली और खजूरिया के 8 वीं कक्षा से 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के लिये आयोजित की गई इस प्रतियोगी परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले 52 छात्र-छात्राओं को रालोद नेता व समाजसेवी प्रवीन कुमार पौनिया ने पुरस्कृत किया। इस प्रतियोगिता में प्रिया ने प्रथम स्थान, रोहित ने द्वितीय स्थान और शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन तीनों बच्चों को क्रमशः 2100 रूपए, 1500 रूपए और 1100 रूपए का नगद पुरस्कार दिया गया। इसके अतिरिक्त 17 अन्य बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया।


## आवश्यक सूचना

**रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कानपुर पुल बायाँ किनारा–कानपुर सेंट्रल अप लाइन के मध्य ब्रिज संख्या 110 के कार्य हेतु पूर्व में अधिसूचित मेगा ट्रैफिक ब्लॉक के कारण पूर्व में निरस्त, मार्ग परिवर्तित, शार्ट टर्मिनेट/ओरिजिनेट एवं रिशेड्यूल्ड गाड़ियों को बहाल (Restore) किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:–**

| क्र. सं. | गाड़ी सं. | स्टेशन से - स्टेशन तक | प्रारंभिक स्टेशन से रीस्टोरेशन की प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 14123 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-कानपुर सेंट्रल इंटरसिटी | 29.04.25 से 01.05.25 |
| 2 | 14124 | कानपुर सेंट्रल-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ इंटरसिटी | 29.04.25 से 30.04.25 |
| 3 | 11109 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-लखनऊ इंटरसिटी | 29.04.25 से 30.04.25 |
| 4 | 11110 | लखनऊ-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी इंटरसिटी | 29.04.25 से 30.04.25 |
| 5 | 51813 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-लखनऊ पैसेन्जर | 29.04.25 से 30.04.25 |
| 6 | 51814 | लखनऊ-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी पैसेन्जर | 29.04.25 से 30.04.25 |
| 7 | 54101 | प्रयागराज संगम-कानपुर अनवरगंज पैसेन्जर | 29.04.25 से 30.04.25 |
| 8 | 54102 | कानपुर अनवरगंज-प्रयागराज संगम पैसेन्जर | 29.04.25 से 30.04.25 |
| 9 | 54153 | रायबरेली-कानपुर सेंट्रल पैसेन्जर | 30.04.25 से 01.05.25 |
| 10 | 54154 | कानपुर सेंट्रल-रायबरेली पैसेन्जर | 29.04.25 से 30.04.25 |
| 11 | 54325 | सीतापुर सिटी-कानपुर सेंट्रल पैसेन्जर | 29.04.25 से 30.04.25 |
| 12 | 54326 | कानपुर सेंट्रल-सीतापुर सिटी पैसेन्जर | 30.04.25 से 01.05.25 |
| 13 | 54335 | बालामऊ-कानपुर सेंट्रल पैसेन्जर | 29.04.25 से 30.04.25 |
| 14 | 54336 | कानपुर सेंट्रल-बालामऊ पैसेन्जर | 29.04.25 से 30.04.25 |
| 15 | 55345 | लखनऊ-कासगंज पैसेन्जर | 30.04.25 से 01.05.25 |
| 16 | 55346 | कासगंज-लखनऊ पैसेन्जर | 29.04.25 से 30.04.25 |
| 17 | 64203 | लखनऊ-कानपुर सेंट्रल मेमू | 30.04.25 से 01.05.25 |
| 18 | 64204 | कानपुर सेंट्रल-लखनऊ मेमू | 29.04.25 से 30.04.25 |
| 19 | 12209 | कानपुर सेंट्रल-काठगोदाम गरीबरथ | 29.04.25 |
| 20 | 12210 | काठगोदाम- कानपुर सेंट्रल गरीबरथ | 28.04.25 |
| 21 | 15083 | छपरा-फ़र्रूखाबाद एक्सप्रेस | 28.04.25 से 29.04.25 |
| 22 | 15084 | फ़र्रूखाबाद-छपरा एक्सप्रेस | 29.04.25 से 30.04.25 |
| 23 | 12104 | लखनऊ-पुणे एक्सप्रेस | 30.04.25 |
| 24 | 64211 | लखनऊ-कानपुर सेंट्रल मेमू | 29.04.25 से 30.04.25 |
| 25 | 22539 | मऊ-आनन्द विहार (ट.) एक्सप्रेस | 29.04.25 |
| 26 | 15025 | मऊ-आनन्द विहार (ट.) एक्सप्रेस | 29.04.25 |
| 27 | 15557 | दरभंगा-आनन्द विहार (ट.) अमृत भारत | 28.04.25 |
| 28 | 22922 | गोरखपुर-बान्द्रा (ट.) अयोध्या एक्सप्रेस | 29.04.25 |
| 29 | 02563 | बरौनी-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल | 29.04.25 एवं 30.04.25 |
| 30 | 02569 | दरभंगा-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल | 29.04.25 एवं 30.04.25 |
| 31 | 02564 | नई दिल्ली-बरौनी क्लोन स्पेशल | 29.04.25 एवं 30.04.25 |
| 32 | 02570 | नई दिल्ली-दरभंगा क्लोन स्पेशल | 29.04.25 एवं 30.04.25 |
| 33 | 12521 | बरौनी-एरणाकुलम राप्ती सागर एक्सप्रेस | 28.04.25 |
| 34 | 11124 | बरौनी-ग्वालियर मेल | 28.04.25 एवं 29.04.25 |
| 35 | 14101 | प्रयागराज संगम-कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस | 29.04.25 एवं 30.04.25 |
| 36 | 14102 | कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस | 29.04.25 एवं 30.04.25 |
| 37 | 14217 | ऊँचाहार एक्सप्रेस | 29.04.25 एवं 30.04.25 |
| 38 | 14218 | ऊँचाहार एक्सप्रेस | 28.04.25 एवं 29.04.25 |
| 39 | 12144 | सुल्तानपुर-लोकमान्य तिलक(ट.) सुपरफास्ट एक्स. | 29.04.25 |
| 40 | 12174 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-लोकमान्य तिलक (ट.) एक्सप्रेस | 29.04.25 |
| 41 | 12875 | पुरी-आनन्द विहार (ट.) नीलाचल एक्सप्रेस | 29.04.25 |
| 42 | 22446 | अमृतसर-कानपुर सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 29.04.25 |

**नोटः-** क्रम संख्या 1 व 2 की रेलगाड़ियाँ पूर्व निर्धारित समय एवं ठहराव के साथ कानपुर सेंट्रल से तथा क्रम संख्या 3 से 42 तक की रेलगाड़ियाँ अपने निर्धारित मार्ग पर बहाल होंगी।

**नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।**

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 715/25(A)


## खाद्य विभाग टीम ने छापामार कार्यवाही कर लिए पनीर दही के नमूने

**हाथरस।** जिलाधिकारी राहुल पाण्ड़ेय के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग की टीम लागतार खाद्य सामिग्री निर्माण करने वाली इकाईयों पर छापामार कार्यवाही कर रही है।


**आदर्श कृष्ण कॉलेज ऑफ एजूकेशन**
**भूप नगर, मैनपुरी**

स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत बी.एड. विभाग में विभागाध्यक्ष/प्राचार्य, 01 पद शिक्षा के परिपेक्ष में 04 पद, विज्ञान 02 पद, गणित 02 पद सामाजिक विज्ञान 02 पद भाषा हिन्दी/अंग्रेजी 02 पद ललित कला 01 पद, संगीत/ नृत्य 01 पद, शारीरिक शिक्षा 01 पद।शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान– रेगूलेशन 2014 एन.सी.टी.ई./डॉ. बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा / उ.प्र. शासन के नियमानुसार विज्ञापन प्रकाशन के 7 दिन के अन्दर अपना आवेदन पत्र महाविद्यालय पते पर भेजें।

सचिव
7017813990, 8923990786


## शराब के नशे में टक्कर मारी : बोलेरो से भिड़ंत के बाद बाइक सवार दो महिलाएं घायल



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** रायभा-अछनेरा मार्ग पर स्थित एचपी पेट्रोल पंप के समीप एक तेज रफ्तार बोलेरो ने अनाज लेकर घर जा रहे बंजारा समाज की जुगाड़ बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि जुगाड़ गाड़ी में रखा सारा अनाज सड़क पर फैल गया और सवार महिलाएं घायल हो गईं। हादसे में गुड़िया पत्नी वीरू और चमेली पत्नी कन्हैया मौके पर ही बेहोश हो गईं। राहगीरों की सूचना पर कुकथला पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया पीड़ितों के अनुसार, बोलेरो चालक शराब के नशे में था और तांतपुर से रायभा की ओर शादी का कार्ड देने जा रहा था। वहीं बंजारा परिवार रास्ते में कुछ देर विश्राम व शौच के लिए रुका हुआ था इसी दौरान यह हादसा हो गया। पुलिस ने बोलेरो को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की मांग की है। उनका कहना है कि इससे भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सकेगा।

# विहिप, बजरंग दल सहित सामाजिक संगठनों ने पहलगाम आतंकी घटना के विरोध में निकाली आक्रोश रैली



**हाथरस।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी घटना के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल सहित अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने तालाब चौराहे पर आक्रोश रैली निकाल कर घटना के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान आक्रोशित कार्यकर्ता व पदाधिकारी पाकिस्तान मुर्दाबाद व आतंकवादियों को फांसी दो के नारे लगा रहे थे। इस मौके पर रैली को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अब समय आ गया है कि इस्लामिक जिहादी पाकिस्तान व उसके कश्मीरी स्लीपर सेल के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित कर घाटी में पुनः सिर उठाने का दुस्साहस करने वाले मजहबी आतंकवाद का समूल नाश किया जाए। यह कोई सामान्य आतंकवादी घटना नहीं अपितु, पाकिस्तान का भारत के विरुद्ध खुले युद्ध की घोषणा है। इसका जवाब भारत सरकार को उतनी ही शक्ति से देना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आतंकवाद के दिन दुबारा लौटने का और पाकिस्तान का कोई नेता या सैन्य अधिकारी इस तरह के शब्द बोलने की दुस्साहस ना कर सके। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री कपिल, जिला उपाध्यक्ष कैलाश कूलवाल, जिला उपाध्यक्ष दीप्ति वार्ष्णेय, जिला मंत्री प्रवीण खंडेलवाल, जिला उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा, जिला समरसता प्रमुख मनोज वार्ष्णेय, नगर कार्यवाह भानु वार्ष्णेय, रत्नेश रत्न, विभाग संयोजक हर्षित गौड़, प्रवीण वार्ष्णेय, महेश वर्मा, अमित भार्गव, किशन भारती, दाऊ दयाल वर्मा, अंकित उपाध्याय, राजेश वार्ष्णेय, उद्धव कृष्ण शर्मा, राजेंद्र नाथ चतुर्वेदी, वीरी सिंह, गुड्डू चौधरी, छोटू राणा, शिवम नगरिया, अनुज, विशाल, उदय, सिद्धू, चेतन, विष्णु गोपाल, तनुज, प्रशांत, टिंकू राना, जोगेंद्र ठाकुर, योगेश राठौर, कन्हैया, सुमित, देवेश, आकाश ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## वरिष्ठ व्यापारी नेता अशोक बागला का निधन:भारी शोकः अंतिम संस्कार आज

**हाथरस।** शहर के प्रमुख मैटल कारोबारी एंव व्यापारी नेता अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला चेयरमैन अशोक बागला का आज सुबह निधन हो जाने से उनके परिजनों, समर्थकों और शुभचिंतकों तथा व्यापारी वर्ग में भारी शोक की लहर दौड़ गई है और व्यापारी नेता अशोक बागला का पार्थिव शव हाथरस उनके पैतृक आवास पर पहुंचेगा।बीमारी के चलते नोएडा के फॉर्टिस हॉस्पिटल में बागला जी का निधन हो गया। वह करीब 70 वर्ष के थे और ब्लड प्रेशर की परेशानी के चलते वह पिछले सात दिन से नोएडा के फोर्टिस हास्पीटल में भर्ती थे।वरिष्ठ व्यापारी नेता स्वर्गीय श्री बागला अपने पीछे अपनी धर्मपत्नी श्रीमती मीनू बागला, तीन बेटे जिनमे अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष नितिन बागला, निषिध बागला एवं मर्चेंट नेवी में कार्यरत अमन बागला वर्तमान में मारिशस व बेटी अदिति बागला को रोते बिलखते छोड़ गए हैं।

# रंगपुरा में आयोजित श्रीमद भागवद कथा के पांचवे दिन श्रीकृष्ण बाल लीलाओं का वर्णन



**हाथरस।** ग्राम पंचायत कोटा के गांव रंगपुरा में चल रही श्रीमद भागवद कथा के पांचवे दिन पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष आशीष शर्मा ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान उन्होंने भागवद जी की पूजा अर्चना की, व्यास पीठ पर श्री धाम दाऊजी के भागवताचार्य सुररसेन ब्रजवासी का स्वागत किया और श्री कृष्ण बाल लीलाएं व गोवर्धन पूजा का वर्णन सुना। श्रीमद् भागवत कथा में ऊषा व श्याम परीक्षित थे ! आयोजक मंडल के सदस्यों ने पूर्व पालिका अध्यक्ष पंडित आशीष शर्मा जी का जोरदार स्वागत किया ! इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष पंडित आशीष शर्मा जी ने कहा कि मात्र 14ङ्क15 वर्ष की अवस्था में श्री कृष्ण ने चाणूर को और बलराम ने मुष्टिक को अपने धाम बैकुंठ पहुंचाया, उसके पश्चात श्री कृष्ण ने कंस को उसके सिंहासन से उसके केश पकड़कर घसीटा और उसके भूमि पर गिरते ही उसके हृदय पर जोरदार मुक्का मार कर उसके प्राण ले लिए ! पूर्व पालिका अध्यक्ष ने गोवर्धन पूजा के बारे में भी बताया ! जनपद में शांति के लिए कराई जा रही श्रीमद् भागवत कथा के आयोजकों को पूर्व पालिकाध्यक्ष पंडित आशीष शर्मा जी धन्यवाद दिया !

# साइबर अपराधियों पर शिकंजा कस रही आगरा पुलिस कमिश्नरेट

**बीते एक साल में साइबर अपराधियों के पांच हजार से अधिक बैंक खाते और दो हजार सिम नंबर कराए बंद, साइबर अपराधियों के नेटवर्क और टूल्स पर प्रहार कर रही साइबर क्राइम सेल/ थाने, उत्तर प्रदेश में साइबर अपराध को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ सख्त, हो रही प्रभावी कार्यवाही**

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश की जनता की गाढ़ी कमाई पर डाका डालने वाले साइबर अपराधियों पर नकेल कसने के लिए बीते दो- तीन वर्षों में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इनमें 18 रीजनल साइबर क्राइम थानों, डिजिटल फॉरेंसिक लैब समेत हर थाने में साइबर हेल्प डेस्क आदि शामिल हैं। साइबर अपराध को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ सख्त रुख से यूपी पुलिस द्वारा अब साइबर अपराधियों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। साइबर अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए पुलिस कमिश्नरेट आगरा द्वारा वर्ष 2024 में पांच हजार से अधिक संदिग्ध बैंक खातों और दो हजार से अधिक मोबाइल सिम नंबरों को बंद कराया गया है। वहीं साइबर अपराध मामलों में पीड़ितों को 90 लाख तक का रिफंड भी दिलाया जा चुका है। साइबर क्राइम सेल प्रभारी विमल कुमार ने बताया कि आगरा जनपद में पिछले कुछ महीनों में साइबर अपराध की घटनाएं तेजी से बढ़ी है। इनमें क्रेडिट कार्ड, टेलीग्राम, यूपीआई ट्रांजैक्शन, डिजिटल अरेस्ट, सोशल मीडिया, व्हाट्सअप, ऑनलाइन बुकिंग, ऑनलाइन शॉपिंग, इंश्योरेंस पॉलिसी संबंधी फ्रॉड जैसी घटनाएं शामिल है। इनमें ज्यादातर मामलों में लोगों को ब्लैकमेल कर चंगुल में फंसा कर उनके अकाउंट से कैश ट्रांसफर कर लिया जाता है। पुलिस कमिश्नरेट आगरा में साइबर अपराध के वर्ष 2024 में 189 मुकदमे साइबर थाने और 152 मुकदमे अन्य थानों में दर्ज किए गए। वहीं 01 जनवरी 2025 से 15 अप्रैल 2025 तक 91 मुकदमे साइबर थाने और 152 मुकदमे जनपद के अन्य थानों में दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम सेल और साइबर क्राइम थाने ने साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए उनके नेटवर्क और टूल पर प्रहार कर रही है। ताकि साइबर अपराधी गिरोहों द्वारा की जाने वाली घटनाओं को कम किया जा सके। साइबर सेल और थाने ने बीते वर्ष 2024 में पांच हजार से अधिक संदिग्ध बैंक खातों को बंद कराया। उक्त खातों में साइबर अपराधियों द्वारा लोगों से की गई धोखाधड़ी रकम जमा कराई गई थी। इसके साथ ही दो हजार से अधिक मोबाइल सिम नंबरों को बंद कराया गया। सिम नंबरों से साइबर अपराधियों ने लोगों को कॉल करके धोखाधड़ी की थी। साइबर सेल और थाने में वर्ष 2024 में धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट समेत अन्य अपराधों के 2800 मामले आए थे। वहीं वर्ष 2025 में अब तक 800 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। साइबर अपराधी फर्जी आईडी पर मोबाइल सिम नंबर लेकर उससे बैंक खाते खोलकर लोगों को अपना शिकार बनाते हैं। साइबर क्राइम की टीम की जांच में वह सिम नंबर फर्जी आईडी पर निकलता है और साइबर अपराधी बच निकलता है।

इसके लिए साइबर क्राइम सेल ने साइबर अपराधियों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले सिम नंबरों और बैंक खातों को बंद कराना शुरू किया। पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने बताया कि साइबर अपराध रोकने के लिए पुलिस कमिश्नरेट आगरा ने पूरी तैयारी कर रखी है। आगरा में 44 थानों पर साइबर हेल्प डेस्क स्थापित किए गए है। मुख्यालय स्तर पर साइबर क्राइम सेल व साइबर थाने का गठन किया गया है। साइबर अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। वर्ष 2024 में पांच हजार से अधिक संदिग्ध बैंक खातों और दो हजार से अधिक मोबाइल सिम नंबरों को बंद कराया गया है। साइबर अपराध मामलों में प्रभावी कार्यवाही कर अब तक पीड़ितों को 90 लाख रुपए तक का रिफंड भी दिलवाया जा चुका है। साइबर अपराधी बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक को अपना टारगेट बना रहे हैं। मोबाइल और कंप्यूटर के बढ़ते उपयोग के कारण बढ़ रहे साइबर अपराधों से बचने के लिए जनता को जागरूक करने की जरूरत है। इसके लिए पुलिस कमिश्न्रेट आगरा की साइबर क्राइम टीम के द्वारा लोगों को जागरुक किया जा रहा है। स्कूल, कॉलेज, बैंक, कोचिंग सेंटर, फाइनेंस कंपनी आदि स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

**इन बातों का रखें ध्यान-**

- किसी भी अनजान व्यक्ति का कॉल को रिसीव नहीं करें।

- पुलिस वाट्सएप कॉल करके लोगों को बचाने के लिए रकम नहीं मांगती। इस तरह की किसी भी कॉल आने पर पुलिस को सूचित करें।

- डिजिटल अरेस्ट, शेयर ट्रेडिग, बच्चे के अपहरण व उनके सेक्स रैकेट में पकड़े जाने की कॉल पर कभी यकीन नहीं करें।

- किसी भी राज्य की पुलिस डिजिटल अरेस्ट नहीं करती, यह साइबर अपराधियों की चाल होती है।

- किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। अपने अकाउंट्स में सुरक्षित मजबूत पासवर्ड का प्रयोग करें।

# रात के अंधेरे में शटर खोलकर होती है शराब की बिक्री

## वीडियो हुआ सोशल मीडिया पर वायरल

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** अभी हाल ही में सुशील नगर में अंग्रजी शराब और वियर की दुकान का आवंटन हुआ है। जबसे यहां पर ठेके का आवंटन हुआ है तब से ही यह ठेका लगातार विवादों के घेरे में है।इस ठेके के विरोध में लगातार हिंदूवादी संगठन विरोध कर रहे है। अभी हाल ही में यहां पर 14 अप्रैल को भी बंदी वाले दिन शराब की बिक्री हुई थी। जिसकी भी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। इसके बाबजूद आबकारी विभाग के अधिकारी इस ठेके पर मेहरबान बने हुए है।आबकारी विभाग के अधिकारी सूचना कर्ता का फोन तक उठाना उचित नही समझते अभी हाल ही में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।जिस वीडियो में आप देख सकते है की एक व्यक्ति जिसके कंधो पर पिट्ठू बैग टंगा हुआ है।वो शटर खोलकर अंदर घुसता है।फिर कुछ मिनटों के बाद उसी बैग के साथ बाहर निकलता है।जबकि नियम के मुताबिक ठेके खुलने का समय सुबह दस बजे से रात्रि दस बजे तक का है।जबकि यहां तो रात के अंधेरे में बंद दुकान का शटर खोला जाता है फिर बंद कर दिया जाता है।क्या आबकारी विभाग के अधिकारियों को क्या यह सब दिखाई नही देता नियमों के मुताबिक हर शराब की दुकान पर सीसीटीवी कैमरे लगाने अनिवार्य है ।तो आखिर ऐसे क्या कारण है कि आबकारी विभाग के अधिकारी इन केमरे को चेक क्यू नही करते



**आबकारी विभाग के अधिकारी नही उठाते फोन**

जब इस वायरल वीडियो की जानकारी लिए हमारे सांवदादता ने 9454466346 पर फोन किया तो उनका फोन रिसीव नही हुआ।आखिर ऐसे क्या कारण है कि अधिकारी फोन तक उठाना उचित नही समझते

**दिन हो या रात 24 घंटे है शराब उपलब्ध**

सुशील नगर में ठेके पर शराब बिक्री का समय तो सुबह दस बजे से रात्रि दस बजे तक है।मगर यहां शराब आपको रात्रि के 12 बजे हो या सुबह के 6 आपको शराब मिल जाएगी।शराब के ठेकों के बाहर रखे खोखे से शराब की अवेध बिक्री रोजाना की जाती है।मगर इस अवेध बिक्री पर आबकारी विभाग के अधिकारी रोक लगाने में नाकाम है।आखिर ऐसे क्या कारण है जो आबकारी विभाग के अधिकारी इस अवेध शराब बिक्री पर रोक लगाने में नाकाम है।अब देखना यह होगा कि कब आबकारी विभाग के अधिकारी अपनी कुंभकर्ण नींद से जागते हुए अवेध रूप से शराब बेचने बालो पर कार्यवाही करेगे या अपनी मोन स्वीकृति देकर अवेध शराब की बिक्री होने देगे।

# पुलिस उपायुक्त ने पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली

**आगरा।** पुलिस उपायुक्त पश्चिमी अतुल शर्मा द्वारा पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउंड में शुक्रवार परेड की सलामी ली गई। इस अवसर पर पुलिस बल की अनुशासनात्मक स्थिति और एकरूपता बनाए रखने हेतु परेड ड्रिल आयोजित की गई। पुलिस उपायुक्त अतुल शर्मा ने पुलिस बल को जनता के प्रति जवाबदेही, कर्तव्यनिष्ठा और सतर्कता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित कियाद्य पुलिस लाइंस स्थित विभिन्न शाखाओं से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।




# पाकिस्तान नायक फवाद खान की हिन्दी फिल्म अबीर गुलाल को भारत में प्रदर्शित नहीं करने के निर्णय का हिन्दू महासभा ने किया स्वागत






FWICE Estd. in 1956

FEDERATION OF WESTERN INDIA CINE EMPLOYEES

(Registered Under the Trade Unions Act, 1926 - Regn. No. 7194)

113/114, 1st Floor, Kartik Complex, Opp Laxmi Industrial Estate, New Link Road, Andheri West, Mumbai: 400 053
T: 022 2673 0137 / 2633 2385 | M: +91 9029444000 | E: federationcineemployees@yahoo.co.in | W: www.fwice.in

Date: 23rd April 2025

PRESS RELEASE

FWICE STONGLY CONDEMNS THE BRUTAL ATTACK IN PAHALGAM, KASHMIR – DECLARES BLANKET BOYCOTT ON PAKISTANI ARTISTS AND TECHNICIANS

The Federation of Western India Cine Employees (FWICE) strongly condemns the heinous and cowardly attack on innocent tourists in Pahalgam, Kashmir. This despicable act, claimed by The Resistance Front (TRF)—a proxy of the Pakistan-based terrorist organization Lashkar-e-Taiba (LeT)—specifically targeted a religious community, echoing the horror of the Pulwama attack on February 14, 2019, which claimed the lives of 40 CRPF personnel.

In the wake of these repeated attacks, FWICE reaffirms its unwavering commitment to national interest and solidarity. We reiterate our directive, originally issued on February 18, 2019, calling for complete non-cooperation with all Pakistani artists, singers, and technicians within the Indian film and entertainment industry.

Despite this ongoing directive, we have been made aware of the recent collaboration with Pakistani actor Fawad Khan for the Hindi film *Abir Gulal*. In light of the recent attack in Pahalgam, FWICE is once again compelled to issue a **blanket boycott** on all Pakistani artists, singers, and technicians participating in any Indian film or entertainment projects. This includes performances or collaborations occurring anywhere in the world.

FWICE would like to emphasize that any member of our organization or its affiliate associations such as the actors, directors, other technicians and Producers or the Production houses found cooperating with Pakistani personnel will be subject to disciplinary action. Further, we will take all necessary steps to ensure that *Abir Gulal* is not released in India.

**Nation comes first—always.** FWICE stands united with the victims of this attack and urges the entire film fraternity to uphold the spirit of national integrity and respect the sacrifices made by our brave security forces and innocent citizens.

For FWICE

ASHOKE PANDIT, CHIEF ADVISOR, 9820154279 | B N TIWARI, PRESIDENT, 9920152599 | ASHOK DUBEY, HON GEN SECRETARY, 9819074444 | GANGESHWARLAL SHRIVASTAV, TREASURER, 7977927660

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा/नई दिल्ली।** अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्पलाइज द्वारा पाकिस्तानी नायक फवाद खान की हिन्दी फिल्म अबीर गुलाल को भारत में प्रदर्शित करने पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लेने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि फेडरेशन का यह निर्णय बॉलीवुड को पाकिस्तानी तंत्र से मुक्त करवाने और पहलगाम नरसंहार का आक्रोश प्रकट करने का प्रभावी कदम है। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने आज जारी बयान में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फेडरेशन ने पहलगाम हमले की जानकारी मिलने के तुरंत बाद फवाद खान की हिन्दी फिल्म अबीर गुलाल को भारत में प्रदर्शित नहीं करने की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा फेडरेशन ने पहलगाम नरसंहार में मारे गए हिंदुओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर बॉलीवुड में सक्रिय पाकिस्तानी कलाकारों, गीतकारों और तकनीशियन्स का पूर्ण बहिष्कार करने और उनके साथ काम नहीं करने का निर्णय भी लिया गया है। बी एन तिवारी ने बताया कि बॉलीवुड में जो भी पाकिस्तानियों या उनसे संपर्क रखने वाले के साथ काम करता पाया जाएगा, उसका भी बहिष्कार करते हुए बॉलीवुड से उसका हुक्का पानी बंद किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब बॉलीवुड में पाकिस्तानियों और उनके समर्थकों के लिए कोई जगह नहीं है। बॉलीवुड को राष्ट्रद्रोही और सनातन विरोधी तत्वों का अड्डा नहीं बनाने दिया जाएगा। बी एन तिवारी ने बताया कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर पुलवामा में आतंकवादी हमले में बलिदान हुए 40 सैनिकों के बाद भी फेडरेशन और बॉलीवुड ने पाकिस्तानी नायक नायिकाओं, गीतकारों, संगीतकारों और तकनीशियन्स का बहिष्कार किया था। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार ने पुलवामा हमले के समय ही पाकिस्तान पर सैन्य हमला किया होता तो आज हमे पहलगाम में 27 निर्दोष हिंदुओं का नरसंहार नहीं हुआ होता। उन्हें प्रधानमंत्री द्वारा अटारी बॉर्डर बंद करने, सिंधु जल समझौता रद्द करने, पाकिस्तानी उच्चायोग बंद करने और भारत में रह रहे गैर हिन्दू पाकिस्तानी नागरिकों से 48 घंटे में भारत छोड़ने के निर्णय की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पुलवामा नरसंहार का बदला इतनी सी कार्रवाई से पूरा नहीं होगा। भारत को पाकिस्तान पर सैन्य हमला करना और अखंड भारत में शामिल करना ही पाकिस्तानी आतंकवाद को समाप्त करने का एकमात्र फॉर्मूला है।

# नेशनल हाईवे पर अवैध फाइनेंस कर्मियों का तांडव, युवक को पीट-पीटकर किया लहूलुहान

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना सिकंदरा और रुनकता चौकी से कुछ ही दूरी पर नेशनल हाईवे पर अवैध फाइनेंस कर्मियों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। ताजा घटनाक्रम में, गुरुवार को रुनकता चौकी क्षेत्र में नेशनल हाईवे के सर्विस रोड पर दबंग फाइनेंस कर्मियों के एक गिरोह ने एक बाइक सवार युवक को बुरी तरह से पीटा, जिससे वह लहूलुहान हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रुनकता चौराहे पर यह हंगामा लगभग आधे घंटे तक चलता रहा, लेकिन हैरानी की बात यह है कि पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंची। सबसे अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि यह पूरी वारदात रुनकता चौकी से मात्र कुछ कदमों की दूरी पर हुई। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें साफ तौर पर देखा जा सकता है कि पीड़ित युवक अपनी जान बचाने की गुहार लगा रहा है, लेकिन दबंग फाइनेंस कर्मी उस पर लगातार हमला कर रहे हैं। जब पीड़ित के परिजन उसे लेकर रुनकता चौकी पहुंचे, तो आरोप है कि पुलिस ने उल्टा घायल युवक को ही बैठा लिया और खबर लिखे जाने तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हाईवे पर इस तरह के अवैध फाइनेंस कर्मियों द्वारा राहगीरों से बदसलूकी और मारपीट की घटनाएं आम हो गई हैं। इसके बावजूद पुलिस द्वारा कोई सख्त कदम न उठाए जाने से लोगों में गहरा आक्रोश है। क्षेत्र में यह चर्चा भी आम है कि पुलिस की कथित मिलीभगत के कारण ही इन अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। इस संबंध में जब रुनकता चौकी प्रभारी अरविंद कुमार से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि पीड़ित से तहरीर प्राप्त कर ली गई है और उसे मेडिकल परीक्षण के लिए मजरूम चिट्ठी हेतु थाना सिकंदरा भेज दिया गया है। हालांकि, स्थानीय नागरिकों ने इस घटना की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस घटना ने एक बार फिर पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



# ग्वालियर हाईवे पर जलभराव से परेशान लोग : कांग्रेस जिलाध्यक्ष समर्थकों संग धरने पर, विकास कार्यों की मांग



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** आगरा-ग्वालियर हाईवे स्थित नगला मकरोल में जलभराव और गंदगी के विरोध में कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामनाथ सिकरवार ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। शुक्रवार सुबह से वे अपने समर्थकों और ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष रामनाथ सिकरवार ने कहा कि हाईवे के किनारे लंबे समय से जलभराव और गंदगी की समस्या बनी हुई है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हैं। इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का जीवन भी दूभर हो गया है।गुरुवार शाम को रोहता नहर के किनारे एक ट्रक पलटने की घटना के बाद वहां धरना शुरू किया गया था। स्थानीय लोगों की मांग पर धरना स्थल को नगला मकरोल में स्थानांतरित कर दिया गया। जिला अध्यक्ष का कहना है कि जब तक प्रशासन इस समस्या का समाधान नहीं करेगा, धरना जारी रहेगा। धरने में कांग्रेस के युवा जिला अध्यक्ष हेमंत चाहर, सत्येंद्र दुबे, बबलू सिकरवार और रमाकांत शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद हैं। स्थानीय निवासी भी विकास की मांग को लेकर धरने में शामिल हो गए हैं।

# पहलगांव आतंकी हमले पर देशभर में भारी आक्रोश: फतेहपुर सीकरी में विहिप-बजरंग दल का जंगी प्रदर्शन

## पाक के खिलाफ कड़ी सैन्य कार्रवाई की मांग






सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** फतेहपुर सीकरी में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना का विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड स्थित गांधी मूर्ति के पास पाकिस्तान का पुतला दहन किया। विहिप के पूर्व जिलाध्यक्ष आदित्य फौजदार ने कहा कि पाकिस्तान और उसके कश्मीरी स्लीपर सेल के खिलाफ कठोर कार्रवाई का समय आ गया है। विभाग सत्संग प्रमुख यदुवीर माहुरा ने पहलगाम में यात्रियों की पहचान जांचकर किए गए नरसंहार की कड़ी निंदा की। जिला सहमंत्री मनोज शर्मा ने कहा कि कश्मीर घाटी में आज भी पाकिस्तान के इशारे पर काम करने वाले स्लीपर सेल सक्रिय हैं। उन्होंने भारत सरकार से ऐसी कार्रवाई की मांग की, जिससे पाकिस्तान के नेता या सैन्य अधिकारी ऐसी घटनाओं को दोहराने की हिम्मत न करें।ओमी टीकरी ने मुस्लिम नेताओं की चुप्पी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि वक्फ एक्ट पर तो आवाज उठाई जाती है, लेकिन हिंदू यात्रियों की हत्या पर चुप्पी साध ली गई है। प्रदर्शन में भाजपा नेता हेमेंद्र तिवारी, मंडल अध्यक्ष ओमकांत डागुर समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी ने केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग की।

# बेटों ने घर खाली करने को पिता को दिया नोटिसः एक पिता के साथ बेटे बहुओं ने किया धोखा, पिता ने कराया मुकदमा

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** अपने बेटों से परेशान एक पिता के आंसू नहीं थम रहे हैं। उसे उसके ही बच्चों ने घर खाली करने का नोटिस दे दिया है। उन्होंने पुलिस को लिखित शिकायत की है कि मेरे बच्चों को सजा मिले। बेटे बहुओं ने धोखे से संपत्ति हड़प ली है। दिल्ली गेट निवासी महावीर प्रसाद जैन ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे बहुओं के साथ पार्टनरशिप में एक फर्म बनाई थी। उसके लिए 2004 में एक पार्टनरशिप डीड हुई। इस डीड के अनुसार महावीर प्रसाद जैन 35 प्रतिशत के हिस्सेदार थे। उनका बेटा मुकेश कुमार 20, छोटा बेटा सुनित कुमार 10,बड़े बेटे की बहू कोमल 15 और छोटे बेटे की बहू सुप्रिया 20 प्रतिशत के भागीदार थे।

**धोखे से बनाए फर्जी कागज**

महावीर प्रसाद ने बताया कि उनके बेटे बहुओं की नीयत में खोट आ गया। उन्होंने धोखे से फर्जी दस्तावेज तैयार किए। उनकी बिना सहमति से उन्हें फर्म से रिटायर दर्शा दिया। फर्जी हस्ताक्षर करा दिए। बैंक से संपत्तियों पर लोन ले लिया। बेटे बहुओं ने लोन में फर्जीवाड़ा किया। इसकी जानकारी करने पर पता चला कि अब भी वे फर्म में 35 प्रतिशत के भागीदार हैं। इसके बावजूद बेटे बहू उन्हें फर्म में नहीं आने देते। उनके घरों में नहीं आने देते। दिल?ली गेट के जिस घर में वे रहे हैं, उसे भी खाली कराने का नोटिस दे दिया है।

**मेरे बेटे बहू को सजा मिले**

फफकते हुए महावीर प्रसाद जैन कहते हैं कि मेरे बेटे बहू को उनके किए की सजा मिले। इसीलिए उन्हें पाल पोस कर बड़ा किया था। उन्होंने बुरा बर्ताव किया है। उन्होंने पुलिस को भी लिखित शिकायत की थी, जिसके आधार पर बेटे बहुओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया है।

# एत्मादपुर में अधिवक्ताओं के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. बघेल



**आगरा।** आगरा लोकसभा की तहसील एत्मादपुर में बार एसोसिएशन के हाल ही में सम्पन्न हुए चुनाव में निर्वाचित अध्यक्ष श्री विजेन्द्र सिंह बघेल (एड.), महासचिव श्री गोपेन्द्र कुलश्रेष्ठ, कोषाध्यक्ष श्री रविन्द्र कुमार शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री महादेव प्रसाद शर्मा सहित कार्यकारिणी के 11 अधिवक्ताओं ने शपथ ग्रहण की। इस गरिमामय अवसर पर माननीय केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एस. पी. सिंह बघेल जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अध्यक्ष एवं महासचिव को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा समस्त निर्वाचित अधिवक्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में माननीय मंत्री जी ने अधिवक्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि समाज में न्याय और संवैधानिक मूल्यों की स्थापना में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिवक्ता समुदाय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके सतत सहयोग और सेवा भावना की सराहना की। इस अवसर पर एत्मादपुर के लोकप्रिय विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह, एसडीएम श्री रामकृष्ण चौधरी, तहसीलदार श्री देवेंद्र प्रताप, नायब तहसीलदार श्री हरिलाल चौधरी, श्री महाराज सिंह बघेल (एड.), श्री हरिओम सिंह धनगर, श्री कमल सिंह बघेल, श्री उदयवीर सिंह, श्री स्वप्निल कुलश्रेष्ठ, श्री मिश्रीलाल बघेल (एड.) सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# ताजमहल पर आतंकी हमले से निपटने को मॉकड्रिल : जुमे की नमाज के लिए पुलिस ने किया घनी बस्तियों में फ्लैग मार्च

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** शुक्रवार को ताजमहल पर मॉक ड्रिल हुई। ताज सुरक्षा, पर्यटन पुलिस और सीआईएसएफ ने मिलकर आतंकी हमले से निपटने के लिए सुरक्षा व्यवस्था का अभ्यास किया। इसके अलावा जुमे की नमाज के चलते पुलिस ने घनी बस्तियों में गश्त भी की। शुक्रवार को ताजमहल बंद रहता है। इसी दौरान पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार के निर्देश पर ताज सुरक्षा द्वारा थाना ताज सुरक्षा,थाना पर्यटन पुलिस टीम व सीआईएसएफ के साथ ताजमहल परिसर में आतंकी हमले जैसी चुनौतीपूर्ण स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया। सुरक्षा व्यवस्था का अभ्यास किया गया। दशहरा घाट सहित ताजमहल के आसपास हर क्षेत्र को चेक किया गया।

कहां से हमला हो सकता है। कहां सुरक्षा में चूक हो सकती है जैसे मुद्दों पर गंभीरता से विचार करते हुए दिशा निर्देश दिए गए।

**घनी बस्तियों में किया गश्त**

इसके अलावा शुक्रवार को जुमे की नमाज के चलते शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया। जनता में सुरक्षा की भावना बनाए रखने और अफवाहों पर विराम लगाने के लिए स्थानीय मुस्लिम धर्मगुरुओं से संवाद स्थापित किया गया। शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। पुलिस घनी बस्तियों की गलियों से निकली। संदेश देना था कि सभी सुरक्षित हैं।



# जुमे की नमाज को लेकर डीसीपी पश्चिम द्वारा फतेहपुर सीकरी में किया निरीक्षण



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** फतेहपुर सीकरी शुक्रवार को जुम्मे की नमाज़ को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त पश्चिमी अतुल शर्मा द्वारा थाना प्रभारी फतेहपुर सीकरी धर्मेंद्र दहिया के साथ थाना स्थित दरगाह हज़रत शेख सलीम चिश्ती परिसर का भ्रमण किया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया गया एवं उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## संपादकीय

# मानसून इस बार सामान्य से बेहतर

भारत में इस बार मानसून में सामान्य से बेहतर होने की जानकारी मौसम विभाग ने दी है। मानसून के दौरान अल नीनो की संभावना को खारिज करते हुए कहा कि जून-सितम्बर के दौरान 105त्न बरसात हो सकती है। भारतीय उपमहाद्वीप में सामान्य से कम मानसूनी बारिश से जुड़ी अल-नीनो की स्थितियां इस बार विकसित होने की संभावना नहीं हैं। देश के विभिन्न हिस्से फिलहाल भीषण गरमी से जूझ रहे हैं। अप्रैल अंत से जून के दौरान भीषण गरमी पड़ने का अनुमान है जिससे बिजली ग्रिड पर दबाव पड़ सकता है और पानी की कमी हो सकती है। कृषि क्षेत्र के लिए मानसून बहुत महत्त्वपूर्ण है जो लगभग 42.3त्न आबादी की जीविका का आधार है। देश की जीडीपी में कृषि का योगदान 18.2त्न होता है। कुल खेती योग्य क्षेत्र का आधे से ज्यादा यानी 52त्न हिस्सा वष्रा आधारित प्रणाली पर निर्भर है। बिजली उत्पादन के अतिरिक्त वष्रा जल ही पीने और जलाश्यों को भरने के लिए आवश्यक है। जलवायु वैज्ञानिकों के अनुसार, चूंकि बरसात के दिनों की संख्या घटती जा रही है, परंतु भारी बारिश की घटनाएं बढ़ रही हैं यानी थोड़े समय में जबरदस्त बारिश हो जाती है जिससे बाढ़ जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। हालांकि यह मानसून खरीफ की फसल के मुनाफिक होता है। दालें, चावल, मक्का, रागी, ज्वार, तिल, बाजरा और मूंगफली के साथ धान भी इनमें होते हैं। कुल्थी, जूट, सन, कपास आदि भी इसी मौसम की उपज हैं। बीते साल जून-सितम्बर के दौरान रिकॉर्ड औसतन 8त्न अधिक बारिश हुई थी। मौसम विभाग की भविष्यवाणियों में केवल 4त्न की त्रुटि होती है। हालांकि मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मानसून में हरे संवहनीय बादलों के ऊपरी हिस्से में तकरीबन एक किमी. की वृद्धि हुई है। केरल विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं का कहना है कि बीते आठ सौ वर्षों में मानसून में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। हालांकि अत्यधिक वष्रा के कारण आने वाली विपदाओं से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। महानगरों में जलभराव से निपटना अब तक संभव नहीं हो पाया है। डूब क्षेत्र के रहवासियों के कच्चे घर/झोपड़े और जानवर बह जाते हैं। खड़ी फसलों को जबरदस्त बरसात तबाह कर देती है। यह सरकारी लापरवाही का नतीजा है कि बरसाती जल का उचित संरक्षण और भंडारण करने में अब तक ठोस काम नहीं किया जा सका है, जो आज के वक्त की महती जरूरत है।

# महिला उत्थान और टूटते बिखरते परिवार

(सत्यशील अग्रवाल-विनायक फीचर्स)

प्राचीन काल से समूचे विश्व में ही पुरुष सत्तात्मक समाज का चलन रहा है। विश्व में जो देश विकसित होते गए वहां महिलाओं को बराबरी का दर्जा दिया जाने लगा,उनके साथ भेदभाव काफी हद तक समाप्त कर दिया गया, परन्तु भारतीय समाज में विदेशी गुलामी के कारण कुछ अधिक ही (हजारों वर्षों तक) महिला समाज का शोषण किया जाता रहा है। अर्थात महिला को समाज में दोयम दर्जा दिया जाता रहा है, और महिलाओं के साथ हर क्षेत्र में भेदभाव पूर्ण व्यव्हार किया जाता रहा है। आजादी के पश्चात् देश के नवनिर्मित संविधान में महिलाओं को पूर्ण सम्मान और पुरुषों के समान अधिकार प्रदान किये गए, उन्हें शिक्षा का अधिकार ही नहीं बल्कि महिला शिक्षा को प्राथमिकता देने का प्रावधान किया गया। महिला समाज के लिए अभिशप्त अनेक कुरीतियों को हटाने के लिए कानून बनाने की व्यवस्था की गयी। तत्पश्चात सरकारी स्तर पर महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक कानून बनाये, उन्हें दहेज उत्पीडन्, दहेज प्रथा, विधवा विवाह, बाल विवाह जैसे अनेक प्रचलित कुप्रथाओं के उन्मूलन के लिए पर्याप्त कानून प्रदान किये गए। महिला सुरक्षा के लिए भी कानूनी संरक्षण दिया गया। महिला समाज में जागृति पैदा करने के लिए अनेक महिला संगठनों का गठन हुआ। परिणाम स्वरूप आज महिलाओं को शोषण से मुक्ति मिली उन्हें अपने उत्थान के अभूतपूर्व अवसर प्राप्त हुए। यद्यपि कई क्षेत्रों में अभी भी काफी कार्य होना बाकी है। विशेषकर देहाती क्षेत्रों में शिक्षा और महिलाओं के प्रति पुरुषों की सोच में विशेष बदलाव देखने को नहीं मिला।

विकास के दौर में जैसे जैसे इन्सान की महत्वाकांक्षाएं बढती गयी देहातों में परम्परागत कृषि उद्योग,या व्यापार से गुजारा मुश्किल होता गया। युवा अपने रोजगार की तलाश में शहरों की ओर पलायन करने लगे और देश में संयुक्त परिवार टूटने लगे और आज संयुक्त परिवार बहुत ही सीमित हो चुके हैं। आधुनिक विकास और बढती आबादी को इसका जिम्मेदार माना जा सकता है। दूसरी ओर महिलाएं भी सामाजिक प्रतिष्ठा प्राप्त करने के लिए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होकर उभर रही हैं। आज महिलाएं जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के कंधे से कन्धा मिला चलने में सक्षम हो रही है। महिलाओं ने रिक्शा,टैक्सी और ट्रेन चलाने से लेकर वायु यान उड़ाने तक और शिक्षा से लेकर देश की सेना, पुलिस जैसे कष्टसाध्य कार्यों में भी अपनी योग्यता दिखाई है। देश के सर्वोच्च पदों अर्थात राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री या न्यायाधीश जैसे अति सम्मानित पदों को सुशोभित किया है। देश और समाज के लिए गर्व की बात है कि देश की आधी आबादी



(महिला समाज) देश की उन्नति में बराबर का योगदान कर रही है। हजारों वर्षों से चला आ रहा नारी शोषण धीरे धीरे घट रहा है। यद्यपि अभी भी पुरुष मानसिकता में पर्याप्त बदलाव लाने की आवश्यकता है। उन्हें महिलाओं को सम्मान देना ही होगा, उनके प्रति अपनी दुराचार की प्रवृति से मुक्त होना होगा। उन्हें भोग विलास की वस्तु समझने की प्रवृति को त्यागना होगा,अन्यथा उनके लिए आगामी जीवन असहज होने वाला है। महिलाओं का उत्थान सभ्य मानव समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है, परन्तु महिलाओं के उत्थान के परिणाम स्वरूप संयुक्त परिवार से बिखर कर बने एकाकी परिवार भी टूटने के कगार पर आने लगे हैं। महिलाओं में व्याप्त पुरुषों से संघर्ष की प्रवृति के कारण पति पत्नी में आपसी सामंजस्य का अभाव होने लगा है। पति और पत्नी दोनों अपने कार्यों में व्यस्त रहने के कारण बच्चों को माता पिता का स्नेह, उनका सानिध्य मिलना दुष्कर होता जा रहा है। अब बच्चों को भावनात्मक सहयोग उनके सहपाठियों से प्राप्त होता है। अत- अब वे अपने मित्रों के प्रति अधिक लगाव रखते हैं और माता पिता को सिर्फ आर्थिक संरक्षण का स्रोत मानते हैं। माता पिता आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने के कारण उनमें आपस में प्रति दिन मनमुटाव भी सामने आता है, जिससे घर के बच्चे प्रभावित होते हैं। कभी कभी तो माता पिता की जंग तलाक तक पहुँच जाती है और बच्चों का भविष्य अधर में लटक जाता है। तलाक की स्थिति आने पर बच्चे को माता या पिता किसी एक का ही प्यार मिल पाता है। जिससे बच्चे के विकास पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। बच्चे में असुरक्षा का भाव पैदा हो जाता है और वह अपने लक्ष्य प्राप्त कर पाने में पीछे रह जाता है। इस प्रकार से एकाकी परिवार भी विघटन की ओर अग्रसर है।

## शब्द सामर्थ्य - 029

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 028 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | वा | म | ■ |
| गी | त | | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | र्या | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |

## बाल जगत

# बालक ध्रुव की कहानी

(जनक वैद-विभूति फीचर्स)

बच्चों! सतयुग में उत्तानपाद नामक एक राजा हुए हैं। उसकी दो पत्नियां थीं। बड़ी रानी सुनीति के बेटे का



नाम ध्रुव था और छोटी पत्नी सुरुचि के बेटे का नाम था उत्तम। दोनों की आयु लगभग बराबर थी। बड़ी रानी एक नेकदिल और पति की सेवा करने वाली थी, जबकि छोटी दुष्ट बुद्धि वाली। छोटी रानी ने अपनी दुष्ट बुद्धि से ऐसा षड्यंत्र रचा कि राजा ने बड़ी रानी को अपने बेटे ध्रुव के साथ महल से दूर एक छोटे से घर में भेज दिया। अब बालक ध्रुव का बहुत मन करता कि वह पिता की गोदी में बैठे इसलिए हिम्मत करके वह महल में आया। उस समय उसके पिता राजा उत्तानपाद सिंहासन पर बैठे थे। ध्रुव को सामने देख राजा ने उसे प्यार से गोद में बिठा लिया। उसी समय छोटी रानी आई और ध्रुव को पिता की गोद से उतार कर अपने पुत्र को राजा की गोद में बैठा दिया। यह देखकर ध्रुव को बहुत दुख हुआ और उसने अपनी मां से इसका कारण पूछा, तो मां ने बताया कि, तुम बड़े बेटे हो और इसीलिए राजगद्दी पर तुम्हारा स्वाभाविक अधिकार है लेकिन तुम्हारी छोटी मॉं अपने बेटे को राज गद्दी पर बैठाना चाहती है। मां से यह सुन बालक ध्रुव बड़ा दुखी हुआ और रो रो कर मां से बोला कि, मुझे कुछ ऐसा बताओ कि पिता जी मुझे भी राजमहल में रहने दें। तब मां ने समझाया कि उसे सच्चे मन से,भगवान की आराधना करनी होगी। मां की बात सुन, बालक ध्रुव उसी रात, किसी को बताए बिना दूर घने जंगल में चला गया और सच्चे मन से कठिन तपस्या की , जिससे प्रसन्न हो कर ,ईश्वर ने उसकी मनोकामना पूरी होने का वरदान दिया। बाद में राजा स्वयं ध्रुव के पास आए और उसे राजा मनोनीत किया। राजा बनने के बाद ध्रुव ने प्रजा की भलाई व उन्नति के लिए अनेक काम किये। राजा ध्रुव के न्यायपूर्ण शासन के कारण ही हमारे भारतीय समाज ने बालक ध्रुव को आकाश में उच्च स्थान दिया और आज भी ईश्वर भक्त, कुशल प्रशासक ध्रुव दुनियाभर में ध्रुव तारा बनकर अपनी चमक बिखरे रहे हैं।

## सू- दोकू क्र.029

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.028 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपका विवेक और सूझबूझ से लिया गया निर्णय अच्छा रहेगा तथा सभी काम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होंगे। संतान संबंधी शुभ काम बनने से मन खुश रहेगा। आज दिखावे के चक्कर में अधिक खर्च करने या कर्ज लेने से बचें। अगर किसी से वादा किया है, तो उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे। आपके रुके हुये कार्य कम्पलीट होंगे, जिससे आपकी उलझन कम होगी। झूठ बोलने से बचे इससे आपकी छवि अच्छी बनी रहेगी।

**वृषभ** — आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों और कर्मचारियों की मदद से उचित व्यवस्था बनी रहेगी तथा कार्य सुचारू रूप से संपन्न होते जाएंगे। साझेदारी संबंधी व्यवसाय आज गति पकड़ेंगे। परंतु अपनी कार्यप्रणाली में कुछ बदलाव भी लाना जरूरी है। नौकरी पेशा लोगों को अपना मनोनुकूल कार्यभार मिलेगा। आज पारिवारिक व्यवस्था में बाहरी लोगों का हस्तक्षेप नहीं होने देंगे। आज माता-पिता का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा। आपके आसपास धार्मिक कार्यक्रम होगा जिसमें आपका परिवार शामिल होगा।

**मिथुन** — आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आज आपनी समस्याओं का समाधान निकाल लेंगे। किसी आर्थिक समस्या का हल मिलने से सुकून रहेगा। इसमें भावनाओं की बजाय व्यवहारिक दृष्टिकोण आपकी तरक्की में सहायक रहेगा। नयी कार्य योजनाओं को स्टार्ट करने के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोगों को पिता जी सरप्राइज देंगे। अपनी दिनचर्या में बदलाव करें जिससे आपके काम भी आसानी से पूरे होते जायेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**कर्क** — आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज अपना स्वभाव पॉजिटिव बनाए रखेंगे। इस समय किसी भी तरह का लेन-देन करते समय सावधानी वरतें। राजनीतिक तथा सामाजिक गतिविधियों में अपनी उपस्थिति जरूर रखें। इससे लोकप्रियता के साथ-साथ जनसंपर्क का दायरा बढ़ेगा। साथ ही घर की व्यवस्था से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण कार्यक्रम भी संपन्न हो सकते हैं। ऑनलाइन शॉपिंग में समय बीतेगा। आज से योग की रूटीन अपनाएंगे जिससे आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। छात्र आज किसी टॉपिक को समझने के लिए शिक्षकों की सहायता लेंगे।

**सिंह** — आज आपका दिन एक खास पल लेकर आएगा। रुपए-पैसे के मामले में किसी पर भी ज्यादा भरोसा ना करें। भावुकता और उदारता में निर्णय लेने से बचे, किसी भी प्रकार का निर्णय लेने से पहले उस पर उचित विचार विमर्श करना जरूरी है। कार्यस्थल पर छोटी-मोटी परेशानियां आएंगी, पर समय रहते उनका हल भी मिलता जाएगा। आज अच्छे भविष्य के लिए आप कंप्यूटर कोर्स ज्वाइन कर सकते हैं। विद्यार्थी अपने प्रोजेक्ट को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे। लवमेट आज आपकी भावनाओं की कद्र करेंगे।

**कन्या** — आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप खुद को आर्थिक तौर पर मजबूत करने की कोशिश करेंगे और सफल भी रहेंगे। लेन-देन संबंधी मामला किसी की मध्यस्थता से हल करने का प्रयास करेंगे तो निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी । पिछले कुछ समय से रुके हुए काम पूरे करने का आज अनुकूल समय है। चतुराई और विवेक से काम लेना परिस्थितियों को आप के पक्ष में करेगा । जीवनसाथी का सहयोग और प्यार आपके दाम्पत्य जीवन को मजबूत करेगा। कुल मिलाकर आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**तुला** — आज आपका दिन शानदार रहेगा। अधिक भागदौड़ वाला काम होने के बावजूद भी आप पॉजिटिव रहेंगे। आज उचित समय पर उचित निर्णय लेना फायदेमंद साबित होगा। आज आपको करियर संबंधी किसी समस्या का समाधान मिलने से शांति मिलेगी। आर्थिक योजना पूरी होने से मन प्रसन्न रहेगा। विरोधी आपके लिए परेशानी बढ़ा सकते हैं, लेकिन निश्चित रहें इससे आपका कुछ भी अहित नहीं होगा। आपके अच्छे व्यवहार के जरिये आपके कुछ नए दोस्त बन सकते है। आज के सारे काम समय से पूरे होंगे।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन लकी रहेगा। दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने मे सफलता मिलेगी। आज अपने लक्ष्य को पूरा करने में और अधिक मेहनत करेंगे। अपनी फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। कामकाज को लेकर की गई यात्रा आपके लिए लाभदायक रहेगी। नौकरी कर रहे लोग अपने प्रोजेक्ट के प्रति लापरवाही न करें। जमीन जायदाद से जुड़े कार्य तेजी से आगे बढ़ेंगे, आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**धनु** — आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहेगा। जीवनसाथी की मदद कारगार हो सकती है। आँखों की समस्या को किसी अच्छे डॉक्टर को दिखायेंगे, आपको आराम मिलेगा। आज पिछले कुछ समय से जिन योजनाओं को पूरा करने के लिए प्रयासरत थे, अब उनका फलीभूत होने का उचित समय आ गया है। प्रॉपर्टी संबंधी कार्यों के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। इसलिए अपने काम के प्रति पूरी निष्ठा रखेंगे। धर्म-कर्म संबंधी मामलों में आपका रुझान रहेगा। आज आपका दिन बहुत अच्छा बीतेगा।

**मकर** — आज आपका दिन बेहद खुशनुमा रहेगा। आज किसी भी परिस्थिति में आप अपना स्वाभिमान तथा आत्मबल कमजोर नहीं पड़ने देंगे। आज चुनौतियों का सामना करें तथा आर्थिक मामलों को और अधिक बढ़िया बनाने की कोशिश करें। आज दूसरों के व्यक्तिगत मामलों में हस्तक्षेप ना करें वरना वे आपका विरोध कर सकते है। कामकाज के मामले में आपकी प्रॉब्लम जल्दी ही सुलझ जाएगी। परिवार में चल रही अनबन आज सुलझ जाएगी तालमेल अच्छा बना रहेगा। दोस्तों के साथ मूवी देखने का प्लान कैंसिल करना पड़ सकता है।

**कुंभ** — आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। माता-पिता बच्चों के साथ किसी शॉपिंग मॉल में घूमने जायेंगे, जिससे उनमें बहुत उत्साह देखने को मिलेगी। आपका शांतिपूर्ण व्यक्तित्व आपके कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से व्यवस्थित करने में सहायक रहेगा। बाहरी गतिविधियों तथा जनसंपर्क में भी इजाफा होगा। कार्यक्षेत्र में अपनी उपस्थिति रखें। सहयोगियों और सहकर्मियों के सुझाव पर भी जरूर ध्यान दें। छात्रों को नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिनको सब साथ में मिलकर पूरा करेंगे। आप कहीं बाहर घूमने जायेंगे, जिससे आपका मन फ्रेश होगा।

**मीन** — आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज आप हर किसी से बेहतर सामंजस्य बनाकर रखने में सफल होंगे। किसी भी असमंजस की स्थिति में निकट मित्रों की सलाह उपयोगी रहेगी। धार्मिक अथवा आध्यात्मिक गतिविधियों में कुछ समय बिताने से सकारात्मक ऊर्जा महसूस करेंगे। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, किसी नए प्रोजेक्ट पर काम मिलेगा। आज आप दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने जायेंगे। इम्युनिटी को बढ़ाने के लिए आप योगभ्यास करें।

## आतंक के आका को बिहार से चेतावनी

# किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे आतंकवादी

(कुमार कृष्णन-विनायक फीचर्स)



पहलगांव हमले के जख्मों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बिहार दौरा सारे देश में चर्चित हो रहा है। जब पूरे देश से आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग उठ रही है,तब प्रधानमंत्री पर इस दौरे से राजनीतिक लाभ लेने के आरोप भी लगने लगे हैं। बिहार के मधुबनी के झंझारपुर की लोहना पंचायत में 'पंचायती राज दिवस' पर आयोजित आम सभा को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आतंकियों को यह कहकर 'मिट्टी में मिलाने' की धमकी दी कि 'उन्होंने सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं वरन भारत पर हमला किया है।' प्रधानमंत्री ने कहा - ÷22 अप्रैल को, जम्मू कश्मीर के पहलगाम में, आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है, उससे पूरा देश व्यथित है, कोटि-कोटि देशवासी दुखी है। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। जिन परिवारजनों का अभी इलाज चल रहा है, वे जल्द स्वस्थ हों, इसके लिए भी सरकार हर प्रयास कर रही है। इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने अपना भाई खोया, किसी ने अपना जीवन-साथी खोया है। उनमें से कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़ा बोलता था, कोई मराठी था, कोई ओड़िया था, कोई गुजराती था, कोई यहां बिहार का लाल था। आज उन सभी की मृत्यु पर करगिल से कन्याकुमारी तक हमारा दुख एक जैसा है, हमारा आक्रोश एक जैसा है। ये हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं, जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को, और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी, सजा मिल करके रहेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छा-शक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी।÷

इस राज्य में इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं इसलिये मोदी की इस सभा को चुनाव प्रचार का आगाज़ भी माना जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस सभा से बिहार की 13,480 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने बिहार के मधुबनी में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली पंचायतों को मान्यता प्रदान करते हुए राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार भी प्रदान किए। वहीं प्रधानमंत्री ने बिहार के गोपालगंज जिले के हथुआ में



लगभग 340 करोड़ रुपये की लागत से रेल अनलोडिंग सुविधा वाले एलपीजी बॉटलिंग प्लांट की आधारशिला रखी। इससे आपूर्ति श्रृंखला को सुव्यवस्थित करने और थोक एलपीजी परिवहन की दक्षता में सुधार करने में मदद मिलेगी। क्षेत्र में बिजली की आधारभूत संरचना को बढ़ावा देते हुए प्रधानमंत्री ने 1,170 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी और पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत बिहार में बिजली क्षेत्र में 5,030 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। देश भर में रेल संपर्क बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री ने सहरसा और मुंबई के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस, जयनगर और पटना के बीच नमो भारत रैपिड रेल और पिपरा और सहरसा तथा सहरसा और समस्तीपुर के बीच ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने सुपौल पिपरा रेल लाइन, हसनपुर बिथान रेल लाइन और छपरा और बगहा में 2-लेन वाले दो रेल ओवर ब्रिज का भी उद्घाटन किया। उन्होंने खगड़िया-अलौली रेल लाइन को राष्ट्र को समर्पित किया। दावा है कि इन परियोजनाओं से संपर्क में सुधार होगा और क्षेत्र का समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास होगा। प्रधानमंत्री ने दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के अंतर्गत बिहार के 2 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश निधि के अंतर्गत लगभग 930 करोड़ रुपये का लाभ वितरित किया। प्रधानमंत्री ने पीएमएवाई-ग्रामीण के 15 लाख नए लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र सौंपे और देश भर के 10 लाख पीएमएवाई-जी लाभार्थियों को किस्तें जारी कीं। उन्होंने बिहार में 1 लाख पीएमएवाई-जी और 54,000 पीएमएवाई-यू घरों में गृह प्रवेश के अवसर पर कुछ लाभार्थियों को चाबियां भी सौंपीं। बेशक यह सभा विकास कार्यों के शिलान्यास-उद्घाटन के लिये आयोजित की गयी थी और पहले से तय थी परन्तु पहलगाम हादसे के बाद भी इसे रद्द न करने से बात साफ़ हो गयी थी कि प्रधानमंत्री इस मंच से जनता के सामने अपनी बात रखेगें। सऊदी अरब का दौरा बीच में छोड़कर लौटे प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली हवाईअड्डे पर ही बैठक की और पाकिस्तान के खिलाफ़ कई फ़ैसले लिये लेकिन इसे लेकर न तो कोई अधिकृत बयान दिया, न ही कोई जनता को संदेश। सोशल मीडिया में बुधवार से ही यह बात घूमने लगी थी कि 'प्रधानमंत्री पाकिस्तान को कड़ा संदेश बिहार की धरती से देंगे।' यह सचमुच आश्चर्यजनक था कि अंतरराष्ट्रीय महत्व की इस बड़ी घटना के बारे में कुछ कहने के लिये उन्होंने देश की राजधानी दिल्ली को नहीं चुना, न ही संसद में या सर्वदलीय बैठक में चेतावनी देना पसंद किया। जबकि रेडियो- टीवी पर वे देशवासियों को सम्बोधित कर सकते थे। इन अनुमानों को मोदीजी ने गलत साबित नहीं होने दिया। सभा में उन्होंने आतंकियों के हाथों मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिये सभी से दो मिनट का मौन धारण कराया तथा उनके परिजनों को यह कहकर सांत्वना दी कि 'देश उनके साथ है।' फिर इस घटना का ज़िक्र करते हुए आतंकियों को चेतावनी दी कि 'उनकी बची-खुची ज़मीन भी ख़त्म कर दी जायेगी।' उन्होंने ऐलान किया कि 'अब उन्हें मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। जिन आतंकियों ने देश की आत्मा को चोट पहुंचाई है उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा।'

देश भर से इस घटना को लेकर समर्थन मांगने की कोशिश में मोदीजी ने इस बात को रेखांकित किया कि 'हमले में किसी ने बेटा खोया, तो किसी ने भाई। किसी ने अपना जीवन साथी खोया है। उनमें कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़ बोलता था, कोई मराठी था, कोई ओड़िया था, कोई गुजराती था तो कोई यहां बिहार का लाल था।' भावुकता की रौ में बहे मोदीजी दुख और गुस्सा दोनों का इज़हार करते नज़र आये। उन्होंने कहा कि 'पहलगाम में आतंकियों ने मासूम लोगों को जिस बेरहमी से मारा है उससे करोड़ों देशवासी दुखी हैं। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ है। उन्होंने कहा-'मैं बिहार की धरती से पूरी दुनिया को कहना चाहता हूं कि भारत सभी आतंकियों की पहचान कर उन्हें सजा देगी। इस तरह के हमले से आतंकी देश के मनोबल को नहीं तोड़ सकेंगे। आतंकी हमले के बाद अब न्याय दिलाने के लिए भारत सब कुछ करेगा। जो लोग मानवता में विश्वास करते हैं वे हमारे साथ हैं।' मोदीजी ने आतंकी घटना के लिये सीधे-सीधे पाकिस्तान का नाम तो नहीं लिया लेकिन यह ज़रूर कहा कि '140 करोड़ भारतीयों की इच्छा शक्ति 'आतंक के आकाओं' की कमर तोड़ देगी।' फिर भी, उनकी रैली में 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' के नारे लगाए गए जो इस बात का इशारा है कि हमलावरों का मददगार कौन है या कम से कम किसे समझा जा रहा है। मधुबनी की सभा से यह संकेत निकला है कि भारतीय जनता पार्टी को बिहार चुनाव के लिये एक मुद्दा मिल गया है।

भाजपा प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा, ÷प्रधानमंत्री ने आज बिहार से एक कड़ा संदेश दिया है। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी ने सख्त कदम उठाया है। उन्होंने पाकिस्तान की पानी तक पहुंच बंद कर दी है।

# भू अर्जन के प्रकरण तय समय सीमा में निराकृत करें : कलेक्टर



**रीवा,कासं.।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने भू अर्जन प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार भू अर्जन के प्रकरणों का तय समय सीमा में निराकरण करें। भू स्वामियों को मुआवजा राशि का वितरण करके संबंधित विभाग को निर्माण कार्य के लिए जमीन उपलब्ध कराएं। अर्जित की गई भूमि पर संबंधित विभाग का नाम खसरे में दर्ज करें। भू अर्जन के कारण किसी भी परियोजना के शुरू होने में देरी न हो। टमस समूह नलजल योजना की टंकियों तथा अन्य निर्माण कार्यों के लिए भू अर्जन पूरा कराएं। कार्यपालन यंत्री राष्ट्रीय राजमार्ग रीवा-सीधी फोरलेन निर्माण के लिए आवश्यक जमीनों के प्रस्ताव प्रस्तुत कर मई माह तक टेण्डर की कार्यवाही पूरी कराएं। कलेक्टर ने कहा कि कई पुलों में एप्रोच रोड के लिए छोटी-छोटी जमीनों की आवश्यकता है। इनमें भू अर्जन की कार्यवाही करके एप्रोच रोड का निर्माण कराएं जिससे पुलों में आवागमन शुरू हो सके। त्योंथर सूक्ष्म दबाव सिंचाई परियोजना में जवा तथा त्योंथर में भू अर्जन के कई प्रकरण लंबित हैं। इन अनुभागों के एसडीएम भू अर्जन के प्रकरणों का निराकरण कर जल संसाधन विभाग को निर्माण कार्य के लिए भूमि उपलब्ध कराएं। एसडीएम जवा जल संसाधन विभाग द्वारा उपलब्ध राशि का किसानों को तत्काल वितरण कराएं। कलेक्टर ने भू अर्जन प्रकरणों में लापरवाही बरतने पर एसडीएम जवा एवं पटवारी चौखण्डी के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में बेला-सिलपरा रिंग रोड, नईगढ़ी सिंचाई परियोजना, लोक निर्माण विभाग, सेतु विकास निगम, एनएचआई, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन तथा जल संसाधन विभाग से संबंधित भू अर्जन प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, एसडीएम त्योंथर संजय जैन, एसडीएम गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर 36546.92 टन हुई गेंहू की खरीद

**रीवा,कासं.।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। अब तक 6585 किसानों से 36546.92 मीट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया गया है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि उपार्जित गेंहू में से 11192.03 टन गेंहू का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कराया जा चुका है। अब तक किसानों को 88 करोड़ 63 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। गेंहू उपार्जन के लिए अब तक 11161 किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं। उपार्जन के लिए कुल 37758 किसानों ने पंजीयन कराया है। उपार्जन के लिए सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध करा दिए गए हैं। खरीदी केन्द्रों को बारदाने की 1978 गठान वितरित की जा चुकी हैं।

# समाधान एक दिन योजना में 32 सेवाओं का तत्काल मिल रहा है लाभ

### लोक सेवा केन्द्र में आवेदन करने पर मिलता है सेवाओं का लाभ

**रीवा,कासं.।** प्रशासन को अधिक कारगर बनाने तथा आमजनता को तय समय सीमा में वांछित सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए समाधान एक दिन योजना लागू की गयी है। सुशासन के तहत इस योजना में आमजनता द्वारा निर्धारित सेवाओं के लिए आवेदन करने पर उसी दिन मांगी गयी सेवाएं उपलब्ध करायी जाती हैं। लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से इसका क्रियान्वयन किया जा रहा है।

वांछित सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक लोक सेवा केन्द्र में निर्धारित दिवस में अलग-अलग विभागों के अधिकारी नोडल अधिकारी के रूप में तैनात रहते हैं। नोडल अधिकारी निर्धारित सभी 32 सेवाओं के आवेदनों के निराकरण के लिए उत्तरदायी होते हैं। समाधान एक दिन में प्राप्त आवेदन का उसी दिन निराकरण न होने पर नोडल अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जाती है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि समाधान एक दिन में आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, खाद्य सुरक्षा योजना के परिवारों के डुप्लीकेट पर्ची जारी करना तथा ट्रेड लायसेंस प्रदान किये जा रहे हैं।

जिला और तहसील स्तरीय रिकार्ड रूम से आदेशों की प्रतिलिपि, चालू खसरा, बी-1 खतौनी तथा चालू नक्शा की प्रतिलिपि भी आवेदन करने के दिन ही प्रदान की जाती है। राजस्व अभिलेखागार से अभिलेखों की नकल, सभी तरह के खसरों की नकल तथा राजस्व मामलों में पारित आदेशों की नकल एक ही दिन में प्रदान की जा रही है। स्वामित्व योजना में अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने तथा जननी सुरक्षा योजना के आवेदन के निराकरण के लिए एक दिन की समय सीमा तय है। कलेक्टर ने बताया कि समाधान एक दिन में परिवाहन विभाग की कई योजनाएं शामिल हैं। इसमें लर्निंग ड्राइविंग लायसेंस की प्रतिलिपि, वाहन फिटनेस प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि तथा वाहन पंजीयन का डुप्लीकेट प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए एक दिन की समय सीमा तय है। रोजगार कार्यालय में पंजीयन तथा पंजीयन का नवीनीकरण एवं मतदाता सूची की प्रमाणित प्रति भी एक दिन में दी जा रही है। पुलिस विभाग की सेवाओं में अनुसूचित जाति तथा जनजाति थाने में मर्ग इंटिमेशन की छायाप्रति, वरिष्ठ स्तर से एफआईआर की नकल तथा मर्ग इंटिमेशन की छायाप्रति देने के लिए एक दिन का प्रावधान है। सामाजिक न्याय विभाग के तहत निश्शक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना, निश्शक्त विद्यार्थियों को दी जाने वाली फीस, निर्वाह भत्ता एवं परिवहन भत्ता योजना, छात्र गृह योजना का लाभ भी इसमें शामिल है। निश्शक्त व्यक्तियों के लिए सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना का लाभ भी समाधान एक दिन में दिया जा रहा है।

## सेटेलाइट से रीवा में नरवाई में आग की 8 घटनायें हुई दर्ज

**रीवा,कासं.।** फसल कटने के बाद उसके शेष बचे अवशेष नरवाई के रूप में मिट्टी का कवच बने हुए हैं। कई स्थानों पर दुर्घटनावश इनमें आग लग रही है। रीवा जिले में 24 अप्रैल को सेटेलाइट के माध्यम से प्राप्त सूचना के अनुसार विभिन्न तहसीलों में 8 स्थानों पर आग लगने की घटनाएं दर्ज हुई हैं। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि 24 अप्रैल को जिले की सेमरिया तहसील में ग्राम छिती 158 तथा कुम्हरा जुड़वानी, त्योंथर तहसील में ग्राम गोड़कला, कोनियाखुर्द, कोटा खुर्द, कोटरा खुर्द, मदरो एवं टगहा में नरवाई जलाने की घटनायें दर्ज हुई हैं। पूरे जिले में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध है। नरवाई जलाने वाले किसानों पर प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। उप संचालक ने संबंधित क्षेत्र के तहसीलदारों से आग लगने की घटना का सत्यापन करके अधिनियम के प्रावधानों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही का अनुरोध किया है।

# जल रैली, संगोष्ठी और जल चौपाल से दिए जा रहे जल संरक्षण के संदेश

### जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान में हो रहे जल संरक्षण के कार्य



**रीवा,कासं.।** . रीवा और मऊगंज जिले में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जल रैली, जल चौपाल, संगोष्ठी तथा अन्य कार्यक्रमों से जल संरक्षण के संदेश दिए जा रहे हैं। ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े महिला स्वसहायता समूह एवं जन अभियान परिषद से जुड़े सामाजिक संगठन गांव-गांव में जल रैली निकाल रहे हैं। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि विकासखण्ड जवा में जल चौपाल का आयोजन किया गया। जल चौपाल में वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी अनुज कुमार सिंह तथा सरपंच ग्राम पंचायत कल्याणपुर सुरेन्द्र सिंह ने पानी के महत्व और इसके संरक्षण के उपायों की जानकारी दी। सिरमौर विकासखण्ड के ग्राम कपसा तथा मझियार में महिला स्वसहायता समूहों ने संगोष्ठी एवं जल रैली निकालकर आमजनता को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

जल गंगा संवर्धन अभियान में परंपरागत जल स्रोतों की सफाई तथा जल संरचनाओं में सुधार के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड की ग्राम पंचायत रामनई में प्राचीन महादेव तालाब के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। जनपद के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी गोविंद नारायण श्रीवास्तव ने इसका निरीक्षण करके निर्माण के संबंध में निर्देश दिए। उद्योग विभाग की पहल से औद्योगिक क्षेत्र चोरहटा में तीन औद्योगिक इकाईयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाए जा रहे हैं। जनपद पंचायत त्योंथर में ग्राम चंदाई में स्टाप डैम और खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है।

# नगरीय निकाय और पंचायतों के मतदाताओं का होगा भौतिक सत्यापन

**रीवा,कासं.।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों तथा पंचायतों के मतदाताओं के सत्यापन के निर्देश दिए हैं। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में कहा है कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन मतदाता सूची का सत्यापन कराएं। वर्तमान मतदाता सूची में जिन घरों में 11 अथवा उससे अधिक मतदाता दर्ज हैं उन सभी का शत-प्रतिशत सत्यापन कराएं। रीवा नगर निगम की मतदाता सूची में 971 घरों में 11 से 20 मतदाता, 47 घरों में 21 से 30 मतदाता, दो घरों में 31 से 40 मतदाता तथा एक घर में 40 से अधिक मतदाता दर्ज हैं। नगर परिषद बैकुण्ठपुर में 150 घरों में 10 से 20 मतदाता, सात घरों में 21 से 30 मतदाता तथा एक घर में 31 से 40 मतदाता दर्ज हैं। इसी तरह नगर परिषद मनगवां में 161 घरों में 10 से 20 मतदाता, चार घरों में 21 से 30 मतदाता तथा तीन घरों में 31 से 40 मतदाता दर्ज हैं। नगर परिषद सिरमौर में 88 घरों में 11 से 20 मतदाता तथा एक घर में 21 से 30 मतदाता दर्ज हैं।

नगर परिषद सेमरिया में 198 घरों में 10 से 20 मतदाता, 10 घरों में 21 से 30 मतदाता तथा एक घर में 31 से 40 मतदाता दर्ज हैं। नगर परिषद चाकघाट में 159 घरों में 10 से 20 मतदाता, 12 घरों में 21 से 30 मतदाता तथा एक घर में 31 से 40 मतदाता दर्ज हैं। नगर परिषद त्योंथर में 276 घरों में 10 से 20 मतदाता, 19 घरों में 21 से 30 मतदाता तथा एक घर में 31 से 40 मतदाता दर्ज हैं। नगर परिषद गोविंदगढ़ में 99 घरों में 10 से 20 मतदाता तथा पाँच घरों में 21 से 30 मतदाता दर्ज हैं। नगर परिषद गुढ़ में 218 घरों में 10 से 20 मतदाता, 26 घरों में 21 से 30 मतदाता तथा दो घरों में 31 से 40 मतदाता दर्ज हैं। नगर परिषद डभौरा में 296 घरों में 10 से 20 मतदाता, 34 घरों में 21 से 30 मतदाता, तीन घरों में 31 से 40 मतदाता तथा एक घर में 41 से 50 मतदाता दर्ज हैं। इसी तरह विकासखण्ड रीवा में 2993, रायपुर कर्चुलियान में 3482, त्योंथर में 3043, जवा में 3014, सिरमौर में 3740 तथा गंगेव में 2994 घरों में 10 से 20 मतदाता दर्ज हैं। मतदाता सूची में विकासखण्ड रीवा में 195, रायपुर कर्चुलियान में 202, त्योंथर में 212, जवा में 226, सिरमौर में 232 तथा गंगेव में 205 घरों में 21 से 30 मतदाता दर्ज हैं। इसी तरह विकासखण्ड रीवा में 9, रायपुर कर्चुलियान में 13, त्योंथर में 9, जवा में 15, सिरमौर में 13 तथा गंगेव में 22 घरों में 31 से 40 मतदाता दर्ज हैं।

विकासखण्ड सिरमौर में एक घर एवं गंगेव में चार घरों में 41 से 50 मतदाता दर्ज हैं। विकासखण्ड जवा तथा सिरमौर में एक-एक घर



## संक्षिप्त समाचार

### दो लाख टन से अधिक गेहूं की खरीद के लिए किसानों को 422 करोड़ का भुगतान

**जालंधर ,एजेंसी।** पंजाब में जालंधर के जिला उपायुक्त डा. हिमांशु अग्रवाल ने गुरुवार को बताया कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को उनके खरीदे गए गेहूं की 422 करोड़ रुपए की अदायगी कर दी गई है। उपायुक्त ने बताया कि जिले की विभिन्न मंडियों में 2,13,686 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है, जिसमें से 2,07,098 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा की जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि पनग्रेन द्वारा 72,635 मीट्रिक टन, मार्कफेड द्वारा 62,263, पनसप द्वारा 37,316, पंजाब राज्य वेयरहाउस कार्पोरेशन द्वारा 29,334, एफसीआई द्वारा 3551 मीट्रिक टन तथा निजी व्यापारियों द्वारा 1999 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। डा. अग्रवाल ने बताया कि इस सीजन में जिले की 79 मंडियों में 5.25 लाख मीट्रिक टन गेहूं पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि बंपर फसल उत्पादन को देखते हुए 23 अस्थायी मंडियों की भी व्यवस्था की गई है।

### भारत में एमएंडए और पीई डील पहली तिमाही में 204 प्रतिशत बढ़ी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारत में 2025 की पहली तिमाही में विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) और प्राइवेट इक्विटी (पीई) डील्स की वैल्यू में सालाना आधार पर बड़ा 204 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है। जनवरी-मार्च अवधि में 67 डील हुई हैं और इनकी वैल्यू 5.3 बिलियन डॉलर रही है। यह जानकारी गुरुवार को जारी हुई ग्रांट थॉर्नटन भारत की रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, इस तिमाही में 100 मिलियन डॉलर से अधिक के छह हाई-वैल्यू लेन-देन भी हुए, जिनकी कुल वैल्यू 4.3 बिलियन डॉलर थी। पिछली तिमाही में 100 मिलियन डॉलर से अधिक की केवल चार डील हुई थी और इनकी वैल्यू 534 मिलियन डॉलर थी। रिपोर्ट में बताया गया कि यह रुझान निवेशकों के बीच नए सिरे के आत्मविश्वास को दर्शाता है, जो वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत को पूंजी निवेश के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करता है। ग्रांट थॉर्नटन भारत के विशाल अग्रवाल ने कहा, वैश्विक चुनौतियों और पूंजी बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद, भारत की विकास दर आशाजनक बनी हुई है। बजट 2025 में विनियामक सरलीकरण और सहयोगात्मक विकास पर जोर दिए जाने के साथ, हम उम्मीद करते हैं कि पूंजीगत व्यय में तेजी आएगी, जिससे नए सिरे से पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। 2025 की पहली तिमाही में एमएंडए सेगमेंट में 28 डील हुई हैं और इनकी वैल्यू 4 अरब डॉलर से अधिक थी। तिमाही आधार पर यह डील वॉल्यूम का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा और वैल्यू का तीसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। पीई सेगमेंट में मार्च तिमाही में 37 डील हुई हैं और इनकी वैल्यू करीब एक अरब डॉलर रही। पिछली तिमाही के मुकाबले डील वैल्यू में 2 प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट में बताया गया कि पूंजी बाजारों ने 2025 की पहली तिमाही में सुस्त प्रदर्शन किया, जिसमें आईपीओ गतिविधि में कमी देखी गई। इस दौरान 316 मिलियन डॉलर के कुल दो क्यूआईपी जारी हुए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्राथमिक बाजार गतिविधि में मंदी से पता चलता है कि कंपनियां प्रतीक्षा और निगरानी का दृष्टिकोण अपना रही हैं और संभावित रूप से अधिक अनुकूल बाजार स्थितियों के लिए लिस्टिंग और पूंजी जुटाने को टाल रही हैं।

# विराट कोहली ने रचा इतिहास, बाबर आजम को पीछे छोड़कर हासिल की खास उपलब्धि




**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन में एक और खास उपलब्धि हासिल कर ली है. इसके साथ ही विराट ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को पीछे छोड़ दिया है. कोहली ने यह उपलब्धि आईपीएल 2025 के 42वें मुकाबले में हासिल की है, जहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और राजस्थान रॉयल्स के बीच बेंगलूरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच खेला जा रहा है. इस मैच में टॉस हारने के बाद आरसीबी की टीम पहले बल्लेबाजी करने के लिए आई. विराट कोहली ने फिल साल्ट के साथ पारी की शुरुआत की और पहले विकेट के लिए 6.4 ओवर में 61 रन जोड़े. इसके बाद विराट ने देवदत्त पडिक्कल के साथ दूसरे विकेट के लिए 51 बॉल में 95 रनों की साझेदारी कर डाली. इस दौरान विराट कोहली ने आईपीएल में अपना 60वां अर्धशतक भी लगाया. यह इस सीजन का उनका पांचवां अर्धशतक हैं।

इस अर्धशतक के साथ ही उन्होंने एक खास मुकाम हासिल कर लिया. अब विराट कोहली बाबर आजम को पीछे छोड़कर टी20 क्रिकेट में पहले बल्लेबाजी करते हुए सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बने गए हैं. उनसे पहले बाबर के नाम यह रिकॉर्ड दर्ज था जिनके नाम 61 पचास प्लस स्कोर दर्ज थे. अब विराट कोहली टी20 में 62 बार पचासा या उससे ज्यादा स्कोर बना चुके हैं. इस मैच में विराट कोहली ने 32 बॉल में 8 चौकों की सहायता से अपनी हाफ सेंचुरी पूरी की. उन्होंने इस मैच में 82 बॉल में 8 चौके और 2 छक्कों की मदद से 70 रनों की बेहतरीन पारी खेली. उनके अलावा टीम के लिए देवदत्त पडिक्कल ने 27 गेंदों में 4 चौके और 3 छक्कों के साथ 50 रनों की पारी खेली. आरसीबी के लिए फिट साल्ट ने 26 और टिम डेविड ने 23 रनों का योगदान दिया जिसकी बदौलत टीम का स्कोर 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 205 तक पहुंच गया. राजस्थान रॉयल्स के लिए संदीप शर्मा ने 2 विकेट लिए जबकि जोफ्रा आर्चर और वानिंदु हसरंगा ने 1-1 विकेट हासिल किया।

## हरे निशान में खुला भारतीय शेयर बाजार, सेंसेक्स 80,000 स्तर से ऊपर

**मुंबई ,एजेंसी।** सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच शुक्रवार को भारतीय इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में खुले। शुरुआती कारोबार में आईटी, फार्मा और ऑटो सेक्टरों में खरीदारी देखी गई। सुबह करीब 9.27 बजे सेंसेक्स 265.3 अंक या 0.33 प्रतिशत बढ़कर 80,066.81 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 89.85 अंक या 0.37 प्रतिशत बढ़कर 24,336.55 पर था। निफ्टी बैंक 222.85 अंक या 0.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 54,978.55 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 10.95 अंक या 0.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 54,980.80 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 60.20 अंक या 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,903.30 पर था। बाजार के जानकारों के अनुसार, सकारात्मक शुरुआत के बाद, निफ्टी को 24,200 पर समर्थन मिल सकता है, इससे पहले 24,100 और 24,000 पर समर्थन मिल सकता है। उच्च स्तर पर, 24,500 तत्काल प्रतिरोध हो सकता है, उसके बाद 24,600 और 24,700 स्तर पर प्रतिरोध हो सकता है।

चॉइस ब्रोकिंग के डेरिवेटिव विश्लेषक हार्दिक मटालिया ने कहा, निफ्टी बैंक के चार्ट संकेत देते हैं कि इंडेक्स को 55,000, इससे पहले 54,700 और 54,500 पर समर्थन मिल सकता है। अगर इंडेक्स आगे बढ़ता है, तो 55,500 पहला प्रमुख प्रतिरोध होगा, उसके बाद 55,800 और 56,200 स्तर पर प्रतिरोध हो सकता है। इस बीच, सेंसेक्स पैक में टीसीएस, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी, इटरनल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, एमएंडएम और टाटा मोटर्स टॉप गेनर्स रहे। जबकि, एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा, नेस्ले इंडिया और इंडसइंड बैंक टॉप लूजर्स रहे। अमेरिकी बाजारों में पिछले कारोबारी सत्र में डॉव जोन्स 1.23 प्रतिशत बढ़कर 40,093.40 पर बंद हुआ।

# इंडिया स्टील 2025 : भारतीय इस्पात क्षेत्र में संभावनाओं और चुनौतियों का पता लगाएगा तीन दिवसीय कार्यक्रम

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** इस्पात मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम 'इंडिया स्टील 2025' में विभिन्न हितधारकों को भारतीय इस्पात क्षेत्र में मौजूद संभावनाओं, चुनौतियों और अवसरों का पता लगाने के लिए एक मंच पर लाया गया है। यह कार्यक्रम मुंबई में 24 ङ्क 26 अप्रैल तक आयोजित किया गया है। उद्घाटन सत्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को एक वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया, जिसमें उन्होंने घरेलू इस्पात उत्पादन को बढ़ाने, कार्बन उत्सर्जन को कम करने और 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने के लिए भारत की रणनीतिक दृष्टि पर जोर दिया। मंत्रालय के अनुसार, दिन के दौरान कई महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए। 'विकसित भारत~ भारतीय अर्थव्यवस्था में इस्पात क्षेत्र की भूमिका' पर सत्र में वरिष्ठ नीति निर्माताओं, अर्थशास्त्रियों और उद्योग जगत के नेताओं के एक उच्च स्तरीय पैनल ने भारत की 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को साकार करने में इस्पात की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। 'सीईओ राउंड टेबल' की अध्यक्षता इस्पात और भारी उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा ने की, जिसमें भारतीय इस्पात क्षेत्र के लिए मौजूदा चुनौतियों और विकास पर चर्चा की गई। 'इंडिया-रूस राउंडटेबल' दोनों देशों के प्रमुख हितधारकों के बीच द्विपक्षीय जुड़ाव के लिए एक रणनीतिक मंच रहा। यह चर्चा, इस्पात और खनन क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने, संयुक्त उद्यमों को बढ़ावा देने और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और व्यापार सुविधा के लिए नए रास्ते तलाशने पर केंद्रित थी। 'इंडिया स्टील 2025' के दूसरे दिन वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल; शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान; रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव; नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की उपस्थिति रही। पहले दिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शून्य आयात के लक्ष्य की आवश्यकता और इस्पात क्षेत्र के लिए शुद्ध निर्यात पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया।

# भारत में ब्रॉडबैंड सब्सक्राइबर्स की संख्या फरवरी में 944.04 मिलियन रही : ट्राई

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने गुरुवार को कहा कि भारत में ब्रॉडबैंड सब्सक्राइबर्स की संख्या फरवरी में 944.04 मिलियन हो गई है। सरकारी एजेंसी द्वारा यह जानकारी 1,189 ऑपरेटर्स से मिले डेटा के आधार पर दी गई। ट्राई के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी महीने में 12.06 मिलियन ग्राहकों ने मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (एमएनपी) के लिए आवेदन किया था। एमएनपी के शुरू होने के बाद से जनवरी के अंत में संचयी एमएनपी आवेदनों की संख्या 1,093.33 मिलियन से बढ़कर फरवरी के अंत में 1,105.39 मिलियन हो गई है। वायरलेस (मोबाइल) सेगमेंट में निजी टेलीकॉम कंपनियों के 92.03 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी थी, जबकि दो सरकारी टेलीकॉम कंपनियों ङ्क बीएसएनएल और एमटीएनएल की बाजार हिस्सेदारी केवल 7.97 प्रतिशत थी। भारत में कुल टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या फरवरी में 1,192.03 मिलियन से बढ़कर 1,197.23 मिलियन हो गई, जो 0.42 प्रतिशत की मासिक वृद्धि दर दर्शाती है। इसी अवधि के दौरान शहरी टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या 663.83 मिलियन से बढ़कर 667.93 मिलियन हो गई और ग्रामीण टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या भी 528.20 मिलियन से बढ़कर 529.31 मिलियन हो गई। भारत में कुल टेली-घनत्व जनवरी के अंत में 84.54 प्रतिशत से बढ़कर फरवरी के अंत में 84.85 प्रतिशत हो गया। शहरी टेली-घनत्व जनवरी के अंत में 131.40 प्रतिशत से बढ़कर फरवरी के अंत में 132.01 प्रतिशत हो गया और इसी अवधि के दौरान ग्रामीण टेली-घनत्व भी 58.38 प्रतिशत से बढ़कर 58.48 प्रतिशत हो गया। फरवरी के अंत में कुल टेलीफोन उपभोक्ताओं में शहरी और ग्रामीण उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी क्रमशः 55.79 प्रतिशत और 44.21 प्रतिशत थी। मशीन-टू-मशीन (एम2एम) सेलुलर मोबाइल कनेक्शनों की संख्या जनवरी के अंत में 63.09 मिलियन से बढ़कर फरवरी के अंत में 64.71 मिलियन हो गई।

# 337 हैंडपंपों की हुई मरम्मत, लोगों को मिलने लगा पानी: डीएम



**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जनपद में बढ़ते जल संकट को लेकर पेयजल आपूर्ति देख रहे तीनो खण्डों के अभियंताओं एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक कर सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि जनपद के किसी भी क्षेत्र में पानी की आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए।

कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी क्षेत्रों में जल आपूर्ति हेतु आवश्यक कार्यवाही पहले से पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम द्वारा जिले में संचालित ग्राम समूह योजनाओं एवं शहरी क्षेत्र में जल आपूर्ति की बिंदुवार समीक्षा की और सम्बंधित अभियंताओं को स्पष्ट निर्देश दिये कि वे अपनी ठेकेदारों/फर्मों के कार्यो की स्वयं मॉनीटरिंग कर कार्य में तेजी लायें और सभी के घरों में जलापूर्ति सुनिश्चित करायें।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से स्पष्ट रुप से कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कार्यशिथिलता बर्दास्त नहीं की जाएगी। डीएम ने ईओ और अधिशासी अभियंता को नगर क्षेत्रों का वार्डवार निरीक्षण कर जल आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को कड़े निर्देश दिये कि वे टीम बढ़ाकर शेष विद्युत कनेक्शन जल्द पूरे करायें और पर्याप्त विद्युत आपूर्ति देना सुनिश्चित करें। इस दौरान एडीएम नमामि गंगे ने कहा कि गर्मी में पेयजल आपूर्ति के लिए 237 हैंडपंप ठीक करा लिए गए हैं, जिनसे पानी मिलने लगा है और 60 स्थानों पर टैंकरों के माध्यम पानी पहुंचाया जा रहा है। बैठक में एडीएम नमामि गंगे राजेश श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता जल/ जल संस्थान, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## चार पुत्रियां पैदा होने पर ससुरालियों ने दी यातनाएं

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला चांदमारी सिविल लाइन निवासी दुर्गेश राजा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी शादी वर्ष 2000 में सर्वेश्वर मंदिर के पास डेम कालोनी निवासी संतोषसिंह पुत्र बल्देव सिंह के साथ सम्पन्न हुयी थी। बताया कि शादी के बाद संयोगवश उसके चार पुत्रियां पैदा हुयी। इससे पति संतोष, ससुर बल्देव, सास विद्या राजा, देवर प्रेम सिंह, देवरानी अर्चना राजा आदि खुश नहीं थे और यातनाएं देते रहते थे। बताया कि उसके पति ने एक अन्य महिला म.प्र. के जिला टीकमगढ़ के ग्राम बराना बम्हौरी निवासी अनुराधा दांगी पुत्र स्व.बृषभान दांगी से छिपकर दूसरी शादी कर ली।

## पहलगाम हमले को लेकर एकजुट हुए व्यापारी

**ललितपुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों ने 28 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल आतंकवादियों की इस हरकत का कड़े से कड़े शब्दों में निंदा करता है तथा केंद्र सरकार से मांग करता है कि आतंकवादियों का समूल नाश करने के लिए जो भी कदम आवश्यक हो वह उठाए जाए।

उत्तर प्रदेश का व्यापारी वर्ग हर तरह से सरकार के साथ है। यह जानकारी देते हुये जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने व्यापारियों से आह्वान किया कि आतंकवादियों की हरकत के विरोध में केंद्र सरकार को संबोधित एक ज्ञापन संगठन की ओर से जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा जाना है। इसके अलावा संगठन की ओर से श्रीजगदीश मार्केट कार्यालय में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए 26 अप्रैल 2025 को 11 बजे दिन में एकत्रित होना है। श्रद्धांजलि सभा के बाद घंटाघर के मैदान में आतंकवाद का पुतला दहन किया जाएगा। वहां से सभी व्यापारी कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे।

### आंगनबाडी कार्यकत्री की भर्ती में कथित अनियमिताओं/भ्रष्टाचार का आरोप

# बाल विकास परियोजना विभाग में अमरबेल की भांति बढते भ्रष्टाचार पर अंकुश कब

### वरिष्ठ पत्रकार/ब्यूरो चीफ दैनिक सांध्य पहल ने मुख्यमंत्री से कार्यकत्री भर्ती की जांच की मांग की

**पाली (ललितपुर)-** शासन स्तर से संपूर्ण प्रदेश में आंगनबाडी कार्यकत्री की विज्ञप्ति जारी कर ऑनलाईन आवेदन करने हेतु कहा गया था जिसमें कि मुख्यालय से करीब 40 किमी. की दूरी पर स्थित ग्राम बंट निवासी श्रीमती लक्ष्मी रजक ने संपूर्ण औपचारिकतायें पूरी कर पात्रता सूची में अपना नाम आने की बात कही थी किन्तु सुविधा शुल्क न दे पाने के कारण उसके स्थान पर अपात्र महिला को चयनित दिखाकर पात्रता की सूची से बाहर कर दिया गया था जिस पर उसने सूबे के मुख्यमंत्री मा. योगी आदित्यनाथ को उनके पोर्टल पर शिकायत भेजकर विभाग पर गंभीर आरोप लगाये थे। मुख्यालय से 40 किमी0 दूरी पर स्थित पाली तहसील के अन्तर्गत आने वाले ग्राम बंट की वासिन्दा श्रीमती लक्ष्मी रजक के द्वारा आंगनबाडी भर्ती में कथित अनियमिततायें एवं भ्रष्टाचार के साथ-साथ अपात्र महिला को भर्ती करने की शिकायत की थी। महिला के द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में लिखा है कि जनपद के बालविकास परियोजना के अन्तर्गत आंगनबाडी की भर्ती निकाली गयी थी जिस पर उसके द्वारा संपूर्ण औपचारिकतायें पूरी की गयी थी और सभी प्रकार की पात्रता प्रार्थिनी रखती थी एवं सभी दस्तावेजों की प्रमाणित प्रति दो सेंटों में दी गयी थी चयन के दौरान मैरिट सूची में उसका नाम सबसे आगे था साथ ही पात्र भी पायी गयी थी उसने आरोप लगाया है कि साक्षात्कार के बाद बाहर निकली तो तथाकथित व्यक्तियों एवं उपरोक्त विभाग के दलालों के द्वारा उससे अवैधानिक तरीके से पैसो की मांग की गयी तथा कहा गया कि पैसा बोलता है आप कितना ही कुछ कर ले यदि पैसा नहीं देगी तो आप पात्र होने के बाद भी अपात्र कर दी जाओगी क्योंकि विज्ञप्ति जारी होने के कुछ ही दिन बाद आंगनबाडी कार्यकत्री के पद हेतु आवेदन करने वाली महिलाओं के द्वारा तथाकथित व्यक्तियों से मिलकर पैसा भी जमा कर दिया गया था और यह आश्वासन दिया गया था कि आप भर्ती हो गयी हैं उसने यह भी आरोप लगाया कि पैसो के अभाव में पात्र होने के चलते पैसा न दे पाने के कारण एवं मना करने पर उसके स्थान पर अन्य महिला का चयन कर लिया गया है इस प्रकार अनेक ऐसी महिलाओं कार्यकत्री के पद पर चयनित की गयी है जिनके द्वारा संपूर्ण औपचारिकतायें पूर्ण करने के बाद भी सुविधा शुल्क न दे पाने के कारण बाहर का रास्ता बता दिया गया था।

श्रीमती लक्ष्मी रजक ने सूबे के मुख्यमंत्री मा. योगी आदित्यनाथ को पोर्टल पर भेजे प्रार्थनापत्र पर लिखा है कि यदि उसे न्याय नहीं मिलता है तो वह मा. मुख्यमंत्री निवास के समक्ष अनशन पर बैठने को बाध्य हो जायेगी चूंकि विभाग के भ्रष्टाचार अमरबेल की भांति बढ रहे है कोई सुनने वाला नहीं है विभाग के अधिकारी पात्र होने के बाद भी अपात्र महिलाओ को चयन कर रहे है जिसकी जांच जनहित में किया जाना नितान्त आवश्यक है। वहीं वरिष्ठ पत्रकार एवं ब्यूरो चीफ दैनिक सांध्य पहल समाचार पत्र पं0 महेश प्रसाद शर्मा एड0 ने भी सूबे के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर आंगनबाडी कार्यकत्री में कुछ दिन पूर्व हुयी भर्तियों की जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने की बात कही है देखना है कि आंगनबाडी कार्यकत्री भर्ती की जांच होती है या फिर ठंडे बस्ते में डाल दी जाती है यह तो समय ही बतायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### एआरटीओ कार्यालय में भ्रष्टाचार व दलालों का बोलवाला

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र में रहने वाले सरदार रमन सिंह ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में भ्रष्टाचार का बोलवाला होने और आर.आई. पद पर तैनात व्यक्ति द्वारा दलालों को संरक्षण देते हुये सरकार की छवि को धूमिल करने का आरोप लगाया है। उन्होंने डीएम को अवगत कराया कि इन दिनों एआरटीओ कार्यालय में भ्रष्टाचार और दलालों का बोलवाला है। बताया कि बिना सुविधा शुल्क दिये आमजन का कोई भी कार्य होना संभव नहीं है, जिससे शासन की छवि धूमिल हो रही है। बताया कि एआरटीओ कार्यालय में तैनात आर.आई. शासन के निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं। मनमाफिक कार्य करते हुये झांसी से प्रतिदिन आवागमन और बिना आलाधिकारियों को सूचित किये ही मुख्यालय छोड़ देते हैं। इसके अलावा अनुशासनहीनता करते हुये समय के पहले मुख्यालय छोड़ कर चले जाते हैं। उन्होंने डीएम से आर.आई. द्वारा किये जा रहे कार्यो की जांच कराते हुये कार्यालय में बढ़ रहे भ्रष्टाचार और दलालों पर प्रभावी तरीके से रोक लगाये जाने की मांग उठायी है।

### मारपीट कर पत्थर से हमला करने का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम कल्यानपुरा के मजरा कंचनपुरा निवासी पंचम सिंह पुत्र गोरेलाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 10 अप्रैल को अपराह्न करीब 2 बजे पुराने विवाद को लेकर गांव के ही जयसिंह पुत्र फेरन, अर्जुन पुत्र करन, रमेश व मनी पुत्रगण कैलाश एकराय होकर आये और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी। इस दौरान उक्त लोगों ने पत्थर फेंककर मारा, जिससे चार वर्षीय कृष्ण यादव घायल हो गया। आरोप है कि उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### दुकान में घुसकर मारपीट व तोडफ़ोड़ करने का आरोप

**ललितपुर।** मुख्यालय स्थित मोहल्ला गांधीनगर में श्रीचण्डी माता मंदिर के पास रहने वाली सुमनलता जैन पत्नी आजाद कुमार जैन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह अपने घर में दुकान खोले हुये है। आगे बताया कि 22 अप्रैल की रात करीब 9 बजे उसकी दुकान पर पड़ौस में रहने वाला निखिल तिवारी पुत्र राजीव तिवारी आया और सामान लेने लगा, तभी उसने निखिल तिवारी से उधारी के 1500 रुपये वापस मांगे तो निखिल तिवारी ने उसकी दुकान में घुसकर मारपीट करते हुये तोड़फ़ोड़ कर दी। इस हमले में उसे गंभीर चोटें आयीं हैं। आरोप है कि थोड़े समय बाद निखिल का भाई राहुल तिवारी आया और वह भी गालियां देते हुये उसपर हमलावर हो गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 333, 115 (2), 324 (2) व 131 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### तारीख करने आये युवक को अपमानित कर पीटा

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम बम्हौरीकलां निवासी राजेश अहिरवार पुत्र कोमल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वर्ष 2017 में गांव के रामकेश पुत्र नन्दू लोधी ने उसके पिता व मां, भाई को बेरहमी से मारपीट करते हुये जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया था, जिसका मामला न्यायालय में चल रहा है। बताया कि मामले में 21 मार्च को तारीख नियत थी और वह तारीख पर गवाही देने के लिए न्यायालय में आया हुआ था। तभी अपराह्न करीब 12.40 बजे वह बाथरूम करने गया तो गैलरी में रामकेश ने उसके साथ मारपीट करते हुये जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। शोरगुल सुनकर वहां मौजूद वकीलों व वादकारियों ने घटना देखी और बीच-बचाव किया। पीड़ित ने बताया कि यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी रिकॉर्ड है, जिसे देखा जा सकता है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने उक्त रामकेश के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) व एस.सी.एस.टी. एक्ट की धारा 3 (1)(द), 3 (1)(घ), 3 (2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जमीन की बारी कर रहे किसान से मारपीट

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम बिरारी में रहने वाले इमरत पुत्र सुखलाल उर्फ सुक्खू ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 17 अप्रैल को शाम करीब 4 बजे वह अपने खेत में बारी कर रहा था। तभी गांव के कृपाल, पूरन पुत्रगण भिन्डे, गरीबा, बब्लू व ईश्वरदास पुत्रगण हल्के और हरपाल पुत्र बब्लू एकराय होकर अपने साथ 6-7 अज्ञात लोगों को लेकर आये और बारी करने से मना करते हुये उक्त जमीन को अपना बताने लगे। आरोप है कि उक्त लोगों ने गालियां देते हुये एकराय होकर मारपीट शुरू कर दी। शोरगुल होने पर उसकी पत्नी रामरति व पुत्रगण लखनलाल और रामदास, भतीजा रामलाल बचाने आये तो उक्त लोगों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गये। आस-पास काम कर रहे लोग बचाने पहुंचे तो उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 352, 115 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** मड़ावरा के ग्राम बहादुरपुर निवासी अरविन्द कुशवाहा पुत्र दयाराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 19 अप्रैल को शाम करीब 7 बजे वह घर आ रहा था, तभी जामनी बांध रेम्प तिराहा के पास गांव के गौरव अवस्थी पुत्र विश्वनाथ अवस्थी व प्रदीप ठाकुर पुत्र तिलक सिंह ने उसे गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया।

# लोहे की सीढ़ी से फांसी पर संदिग्धावस्था में लटका मिला युवक का शव

### मृतक की पत्नी ने लगाया लूटपाट कर हत्या का आरोप

### चौकी बांसी के ग्राम नदनवारा का मामला



**ललितपुर।** शुक्रवार की सुबह ग्राम नदनवारा में एक युवक का शव लोहे की सीढ़ी से संदिग्धावस्था में फांसी के फंदे से लटका मिला है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दूसरी ओर मृतक की शिनाख्त होने के बाद उसकी पत्नी ने गांव के कुछ लोगों पर दो लाख रुपये की लूट करते हुये हत्या कर उसके पति को फांसी के फंदे पर लटका देने का गंभीर आरोप लगाया है। प्रकरण को लेकर पुलिस जांच कर रही है।

थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत चौकी बांसी के ग्राम नदनवारा में माता मंदिर के पास एक युवक का शव लोहे की सीढ़ी से फांसी के फंदे पर लटका मिला। सुबह जब लोगों ने देखा तो इसकी सूचना चौकी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर शिनाख्त के प्रयास किये तो मृतक की शिनाख्त नदनवारा निवासी राकेश अहिरवार के रूप में कर ली गयी। वहीं मौके पर पहुंचे परिजनों ने प्रकरण को लेकर हत्या का आरोप गांव के कुछ लोगों पर लगाया है। मृतक राकेश अहिरवार की पत्नी प्रीति ने चौकी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि गुरूवार को उसके पति राकेश सुबह करीब 5 बजे गाड़ी से लौटे थे और घर पर रहकर आराम किया। इसके बाद शाम करीब 9 बजे गांव के कुछ लोग जिन्हें वह नाम व पते से जानती है आये और उसके पति को अपने साथ मोटर साइकिल पर बैठा कर ले गये। प्रीति के अनुसार उसके पति की जेब में गाड़ी के 2 लाख रुपये भी रखे हुये थे। काफी समय तक उसका पति घर वापस नहीं आया तो उसने जानकारी की। पति को साथ ले जाने वाले लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन उन्होंने कोई जानकारी नहीं दी। प्रीति का आरोप है कि उसके पति की मोटर साइकिल उक्त लोगों के पास ही थी।

# झा समाज के जिला स्तरीय चुनाव सम्पन्न

### निर्विरोध जिलाध्यक्ष बने रमेश झा, उपाध्यक्ष रामचरन झा

### महामंत्री शिवलाल झा और कोषाध्यक्ष बने रघुवीर प्रसाद



**ललितपुर।** आजादी के बाद से जनपद में पहली बार संवैधानिक तरीके से झा समाज का चुनाव सम्पन्न हुआ। झा समाज की पहली बार जनगणना तरीके से वोटर बनाए गए, पूरे संवैधानिक नियमों का पालन करते हुये झा समाज ललितपुर के चुनाव सम्पन्न कराए गए। बीते कई महीनों से झा समाज की जिला स्तरीय चुनाव प्रक्रिया चल रही थी, जिसमें 11 से 16 अप्रैल तक 10 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। सभी 4 पदों के लिए एवं 17 से 20 अप्रैल तक सभी नामांकन फॉर्म जमा किए गये केवल 6 प्रत्याशी ने अपने नामांकन फॉर्म जमा नहीं किए एवं चुनाव लडऩे में असमर्थता जताई व एप्लीकेशन देकर चुनाव कमेटी को सूचित किया। बाकी 4 पदों के लिए नामांकन फॉर्म, सहयोग राशि सभी कागजात सहित जमा किए गए। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए रमेश कुमार झा रिटा.स्टेशन मास्टर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए रामचरण झा वंशीपुरा, महामंत्री पद के लिए शिवलाल झा तुलसीनगर, कोषाध्यक्ष पद के लिए रघुवीर प्रसाद झा जखौरा जो कि निर्वाचन समिति ने निर्वाचन संविधान के तहत जांच करते हुये 4 पदों के प्रत्याशियों को निर्विरोध जीत घोषित किया।

झा समाज के जिला स्तरीय चुनाव के निर्विरोध पदाधिकारी घोषित होने पर झा समाज ने नव नियुक्त पदाधिकारियों का दमखम के साथ जोर शोर से फूलमाला पहनाकर स्वागत किया एवं समाज के बन्धुओं ने एक-दूसरे को मिठाईयां खिलाई। जीत की घोषणा होने के बाद पदाधिकारियों ने सर्व प्रथम जनपद ललितपुर के प्रसिद्ध श्रीतुवन हनुमान मंदिर पर पहुंचकर माथा टेका और आर्शीवाद लिया।

# कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की ली बैठक

### स्कूलों में पेयजल, शौचालय की समस्या के समाधान के दिए निर्देश



**रायपुर,कासं.।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि जिले के जर्जर स्कूल भवनों की सूची बना कर मरम्मत कराई जाए। जहां मरम्मत संभव नहीं है, वहां पुराने स्कूल भवनों को नियमानुसार प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद ध्वस्त कर नए भवनों का निर्माण किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि इस समय स्कूलों की छुट्टियां हैं। इस समय स्कूलों में जो समस्याएं हैं उसका समाधान करें। जिन स्कूलों में पेयजल-रनिंग वाटर, तो कहीं पर छात्र-छात्राओं के लिए पृथक शौचालय की समस्या हो तो इसके समाधान के लिए संबंधित स्कूल के प्राचार्य मांग पत्र भेंजे। साथ ही संबंधित एजेंसी या विभाग को निर्देश देकर इसका समाधान किया जाएगा। डॉ सिंह ने कहा कि कुछ स्कूलों में सुरक्षा संबंधित समस्याएं भी हो सकती हैं इसे चिन्हित कर समाधान करें। उन्होंने कहा कि नया शिक्षण सत्र शुरू हो चुका है, ऐसे में बच्चों की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को समयबद्ध कार्य योजना बनाकर अमल में लाने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री विजय खंडेलवाल, जिला समन्वयक श्री के.एस पटले एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# पान किसानों की सहूलियत के लिए पाली-बरेली बस संचालन की मांग

**पाली (ललितपुर)।** उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को सम्बोधित पत्र एक उपजिलाधिकारी पाली को सौंपा गया है, जिसमें पाली बरेली तक बस सेवा चलायें जाने की मांग की। पत्र में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम झांसी को भी अवगत कराया गया है। भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष, पाली नगर पंचायत पार्षद एवं सेक्टर अध्यक्ष मनोज चौरासिया ने उपजिलाधिकारी से मुलाकात कर पाली से बरेली बस चलायें जाने की मांग की। वहीं एड. मुकेश करमरा ने पत्र में बताया कि पाली में विश्व प्रसिद्ध पान की खेती होती है तथा पाली नगर पंचायत में निवासरत एक बड़ी जाति चौरासिया समाज के लोग पान की खेती करतें चलें आ रहें हैं। पाली के पान की अपनी एक विशेषता रहती हैं कि होंठों को गुलाबी कर देता हैं। उक्त मांग को लेकर पूर्व अनेक बार पत्राचार क्षेत्रीय लोग कर चुके हैं तथा पाली बस चलायें जानें की मांग की। पूर्व में पाली से लेकर बरेली तक बस सेवा चालू थीं जो चुनाव के पूर्व से बन्द हो गई है, जिससे पान किसानों के सामने संकट का पहाड़ टूट चुका है। अधिकतर पान किसान अपनी बर्बादी पर आंसू बहा रहे हैं।

### सुशासन तिहार का असर: आवेदनों पर कार्रवाई शुरू

# ग्राम चपरीद में अतिक्रमणकारियों से भूमि कराई मुक्त

### मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति जताया आभार



**रायपुर,कासं.।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। सुशासन तिहार के प्रथम चरण में नागरिकों से उनकी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए, वहीं द्वितीय चरण में इन समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया तेजी से जारी है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिले के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी संवेदनशीलता के साथ आमजनों की समस्याओं के निराकरण में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में आरंग विकासखंड के ग्राम चपरीद में अतिक्रमण से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिन्हें ग्रामीणों ने समाधान पेटी में डालकर प्रशासन तक पहुंचाया। इन शिकायतों को प्राथमिकता देते हुए तहसीलदार श्री जी. एन. सिदार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अतिक्रमित भूमि को बुलडोजर कार्रवाई करते हुए मुक्त कराया गया। ग्राम चपरीद के निवासियों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी शिकायत पर शीघ्र कार्रवाई हुई, यह शासन की एक सराहनीय पहल है। सुशासन तिहार के माध्यम से जनता और शासन के बीच की दूरी कम हो रही है और विश्वास में वृद्धि हो रही है।

# कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर एक्शन मोड में आई टीम प्रहरी

### शहर के अवैध निर्माण तोड़ने और फ्लैक्स-पोस्टर हटाने की हुई कार्रवाई



**रायपुर,कासं.।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिले में आज अवैध निर्माण तोड़ने और सड़कों से फ्लैक्स-पोस्टर हटाने की कार्रवाई की गई। रायपुर नगर निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप के मार्गदर्शन में टीम प्रहरी द्वारा भाठागांव, भारतमाता चौक, अमलीडीह के कैनाल रोड, खम्हारडीह, डूमरतालाब, रिंग रोड नं. 01 और डूमरतराई थोक बाजार में अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की गई।

वहीं, टिकरापारा स्थित सिद्धार्थ चौक से पुलिस लाइन तक और तेलीबांधा इलाके में निगम अमले ने फ्लैक्स एवं पोस्टरों को हटाने की कार्रवाई की। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया था कि अवैध निर्माण और सड़क पर लटकते-फटे हुए फ्लैक्स-पोस्टरों को निकालने की कार्रवाई करें। जिसके परिपालन में आज निगम अमले ने शहर के मुख्य मार्गों में कार्रवाई की।

# जिले के उपार्जन केन्द्रों पर किसानों का वैलकम ड्रिंक्स से स्वागत

## गर्मी को ध्यान में रखकर उपलब्ध कराया जा रहा है शरबत, नींबू पानी व ओआरएस, समर्थन मूल्य पर अब तक 2717 किसानों से हुई 3.53 लाख क्विंटल से अधिक गेहूँ की खरीदी



**ग्वालियर।** बढ़ते हुए तापमान को ध्यान में रखकर जिले के उपार्जन केन्द्रों पर किसान व हम्माल भाईयों को शीतल जल के साथ-साथ वैलकम ड्रिंक के रूप में नींबू की शिकंजी, ओआरएस व शरबत जैसे पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को हरि लीला विपणन संस्था घाटीगाँव द्वारा संचालित उपार्जन केन्द्र एवं मोहना स्थित खरीदी केन्द्र पर किसानों व हम्माल भाईयों को शरबत पिलाया गया। उपार्जन केन्द्रों पर हुए स्वागत व अच्छी व्यवस्थायें पाए जाने पर किसानों ने सरकार के प्रति धन्यवाद जताया। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को उपार्जन केन्द्र पर अपनी उपज बेचने में कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। सभी केन्द्रों पर शीतल पेयजल व छाया सहित अन्य बुनियादी सुविधायें भी पुख्ता रहें। इसी कड़ी में अत्यधिक गर्मी को ध्यान में रखकर सभी खरीदी केन्द्रों पर ओआरएस की व्यवस्था की गई है। साथ ही सुविधा के अनुसार अन्य शीतल पेय पदार्थ भी किसानों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिले में समर्थन मूल्य पर किसान भाइयों से गेहूँ का उपार्जन जारी है। अब तक 2 हजार 717 किसानों से 3 लाख 53 हजार 247 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। समर्थन मूल्य पर अपना गेहूँ बेचकर गए किसानों को अब तक 28 करोड़ 99 लाख 87 हजार रूपए से अधिक का भुगतान किया गया है। जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी के लिये कुल 41 उपार्जन केन्द्र संचालित हैं। समर्थन मूल्य पर गेहूँ बेचने के लिये जिले के कुल 13 हजार 574 किसानों ने 40 उपार्जन केन्द्रों पर अपना पंजीयन कराया है। किसानों द्वारा अभी तक 41 संस्थाओं पर 6 हजार 317 स्लॉट बुक कराए जा चुके हैं। किसान भाई अपनी सुविधानुसार मोबाइल फोन से स्लॉट बुक कराकर अपनी उपज समर्थन मूल्य पर बेच सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा 2600 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी की जा रही है। जिसमें 175 रूपए प्रति क्विंटल बोनस शामिल है।

# नरवाई प्रबंधन पर कृषक जागरूकता सह संगोष्ठी आयोजित



**ग्वालियर।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय से संबद्ध कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा शुक्रवार को ग्राम बडकी सराय में कृषक जागरूकता सह संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य किसानों को नरवाई प्रबंधन के बारे में जागरूक करना और उन्हें इसके महत्व के बारे में बताना था।

**नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान**

प्रायः देखा जाता है कि जिले के बहुत बड़े क्षेत्र में रबी फसल गेंहू की कटाई उपरांत किसानों द्वारा अपने खेतों की सफाई/नरवाई को नष्ट करने के लिए आग लगा दी जाती है। इससे भूमि में लाभदायक मित्र कीट और जीवाणु नष्ट हो जाते हैं, साथ ही भूमि और वातावरणीय तापमान भी बढ़ जाता है जो कि भूमि के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी अत्यधिक हानिकारक होता है। नरवाई जलाने से मृदा में कार्बनिक पदार्थों की कमी हो जाती है, जिससे मृदा की जलधारण क्षमता कम होने के साथ-साथ भौतिक स्थिति और उर्वराशक्ति का ह्रास होता है।

**वैकल्पिक तरीके**

केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. राजीव सिंह चौहान ने फसल कटाई उपरांत नरवाई न जलाकर उसे स्ट्रॉ रीपर द्वारा पशुओं के लिए भूसा बनवाने की सलाह दी। यदि भूसा नहीं बनवाया जाता है, तो विघटक (बायोडिकम्पोजर) का छिड़काव कर खेत की 10-12 दिन बाद जुताई कर सिंचाई कर देनी चाहिए। इससे मृदा में कार्बनिक पदार्थ की वृद्धि होती है।

**संगोष्ठी में दी गई जानकारी**

केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एस.पी.एस. तोमर ने नरवाई प्रबंधन पर किसानों को जागरूक करने के साथ जायद में खड़ी फसलों के कीट और रोग प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी। इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री आर. के. महोलिया ने बायोडिकम्पोजर का छिड़काव कर नरवाई को सड़ाने के लिए बायोडिकम्पोजर के उपयोग विधि पर प्रायोगिक जानकारी दी।

**संगोष्ठी में कृषकों की भागीदारी**

संगोष्ठी में बड़की सराय और आस-पास के ग्रामों के 50 कृषकों ने भाग लिया। किसानों ने आगामी धान फसल की तैयारी के संबंध में आने वाली समस्याओं का समाधान वैज्ञानिकों से प्राप्त किया। संगोष्ठी में श्री बलविंदर सिंह, श्री सुखविंदर, श्री बालकिशन कुशवाह, श्रीमती प्रीतम सिंह, श्रीमती बलजीत कौर, श्रीमती हरपाल कौर आदि कृषकों ने भाग लिया।

# चार दिवसीय 54 वीं केवीएस संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन खिलाड़ियों का हौसला बुलंदी पर






**ग्वालियर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र.1 ग्वालियर में चार दिवसीय भोपाल संभाग की 54 वीं संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन की खेल श्रृंखला में विभिन्न प्रतियोगिताओं में बॉक्सिंग में केंद्रीय विद्यालय क्र.3 ग्वालियर के आदर्श और केंद्रीय विद्यालय क्र. 1 भोपाल के लक्ष्य मानवी का मुकाबला 54 किग्रा वर्ग में हुआ। जिसमें आदर्श ने जीत दर्ज की ।दूसरे मुकाबले में केंद्रीय विद्यालय क्र. 3 भोपाल द्वितीय पाली के पुष्कर और बड़वा के शौर्य द्वीप के बीच 57 किलोग्राम वर्ग में पुष्कर ने जीत हासिल की। कबड्डी अंडर-14 बालक वर्ग में केंद्रीय विद्यालय क्र. 4 ग्वालियर और केंद्रीय विद्यालय खंडवा के बीच मैच हुआ,जिसमें केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 ग्वालियर विजेता रही। दूसरे मैच में केंद्रीय विद्यालय अंबाह और होशंगाबाद आमने-सामने थे,, जिसमें होशंगाबाद ने 21-14 से विजय प्राप्त की ।वही अंडर -17 आयु वर्ग में केंद्रीय विद्यालय क्र. 4 ग्वालियर ने सोनी मालवा को 42-21 से हराकर जीत हासिल की ।केंद्रीय विद्यालय क्र. 3 ने केंद्रीय विद्यालय गेल गुना को कबड्डी में हराकर अपनी जीत दर्ज की। सभी इवेंट के प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय स्तर में चयनित होने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। इन विद्यार्थियों में से कई प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भी चयनित होंगे। चार दिवसीय संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन माननीय सहायक आयुक्त श्री विजय वीर सिंह भोपाल संभाग ने विद्यालय का दौरा किया। प्राचार्य श्री राजेश पांडेय ने पौधा प्रदान कर उनका हरित स्वागत किया । माननीय सहायक आयुक्त ने समूची खेल व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी प्रतिभागी ,अनुरक्षक शिक्षक, विद्यालय के शिक्षकों से संवाद किए एवं संभागीय खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य श्री राजेश पांडेय की भूरि भूरि प्रशंसा की। चार दिवसीय खेल श्रृंखला का 26 अप्रैल 2025 को समापन होगा।

# आपदा प्रबंधन के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण

## 7 मई को मॉक ड्रिल का आयोजन होगा



**ग्वालियर।** एकीकृत प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत राहत, खोज एवं बचाव कार्यों को सम्पन्न कराने के लिये जिला स्तरीय टीम की संरचना एवं उसके दायित्वों के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। भोपाल से पधारे विषय विशेषज्ञों द्वारा राहत एवं बचाव कार्यों के संबंध में प्रारंभिक तैयारियां एवं सावधानियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। जिला स्तरीय प्रशिक्षण में बताया गया कि आपदा प्रबंधन विषय पर जिला स्तर पर ओरिएंटेशन एवं समन्वय, टेबल टॉप एवं मॉक एक्सरसाईज के लिये मॉक ड्रिल आयोजित की जायेगी। जिला स्तर पर ओरिएंटेशन एवं समन्वय सम्मेलन 2 मई को, टेबल टॉप एक्सरसाइज 6 मई को एवं मॉकड्रिल एक्सरसाइज का आयोजन 7 मई को किया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान जिले के विभिन्न अधिकारियों को आपदा एवं बचाव कार्य के लिये पूर्व से तैयारियाँ रखने एवं आवश्यक सावधानियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में डीएफओ श्री अंकित पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अशोक चौहान, श्री अतुल सिंह, नगर निगम अपर आयुक्त श्री मनीष सिकरवार, नोडल अधिकारी श्रीमती वंदना जैन सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक 26 अप्रैल को

**ग्वालियर।** जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक 26 अप्रैल को होगी। इस दिन यह बैठक सायंकाल 5 बजे कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की अध्यक्षता में बाल भवन के सभागार में रखी गई है। बैठक में जिले की विभिन्न औद्योगिक इकाईयों से संबंधित समस्याओं के समुचित निराकरण पर चर्चा होगी। साथ ही औद्योगिक इकाईयों के संवर्धन पर परामर्श व सुझाव लिए जायेंगे।

# एचआरपी क्लीनिक लगाकर की 1055 महिलाओं की जांच, 476 निकलीं हाईरिस्क गर्भवती

## जिले के 23 सरकारी अस्पतालों में एक साथ लगाई गई एचआरपी क्लीनिक, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से लगाई जा रही एच. आर.पी. क्लीनिक

**ग्वालियर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत शुक्रवार को जिले के 23 सरकारी अस्पतालों में एक साथ एचआरपी क्लीनिक लगाकर गर्भवती माताओं की जांच की गई। इन क्लीनिकों पर 1055 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। इनमें से 476 महिलाओं को हाई रिस्क (अधिक जोखिम) गर्भवती माताओं के रूप में चिन्हित किया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हर माह की 9 व 25 तारीख की चिन्हित स्वास्थ्य संस्थाओं में एचआरपी क्लीनिक लगाकर हाईरिस्क गर्भवती माताओं की जांच की जाती है। ग्वालियर जिले में राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत कलेक्टर श्रीमती रुचिका सिंह चौहान के निर्देशन में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से सुव्यवस्थित ढंग से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत हाईरिस्क गर्भवती माताओं के चिन्हांकन व जांच के साथ-साथ उन्हें जरूरी स्वास्थ्य सेवायें मुहैया कराई जा रही हैं। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दीपावली माथुर ने बताया कि ने बताया कि जिले में 23 स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोजित हुई एचआरपी क्लीनिक में 1055 गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी, हीमोग्लोवबिन सहित खून की अन्य जांचे और यूरिन की जांच भी कराई गई। इनमें से 476 महिलाओं को हाई रिस्क गर्भवती माताओं के रूप में चिन्हित किया गया। इनमें से 10 महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया और 200 महिलाओं की अल्ट्रासोनोग्राफी जांच की गई। साथ ही 53 महिलाओं को आयरन सुक्रोज इंजेक्शन लगाया गया। जिनमें साथ ही महिलाओं को फल और पौष्टिक आहार भी उपलब्ध कराया गया। उल्लेखनीय है कि जिलाधीश रुचिका चौहान ने चिन्हित हाई रिस्क गर्भवती माताओं का प्रसव होने तक लगातार फोलोअप कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए है। जिसके तहत हर माह की 9 व 25 तारीख को चिन्हित स्वास्थ्य संस्थाओं में एचआरपी वलीनिक लगाकर हाईरिस्क गर्भवती माताओं की जांच की जाएगी।

**इन संस्थाओं में लगाई गई एचआरपी क्लीनिक**

जिले में जिन 23 स्वास्थ्य संस्थाओं में एचआरपी क्लीनिक लगाई गई। इनमें जिला चिकित्सालय मुरार, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हस्तिनापूर, भितरवार, मोहना, डबरा व दीनदयालनगर शामिल हैं। इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उटीला, चीनौर, वीरपुर, आतरी, पिछोर व कुलैथ, प्रसूति गृह माधौगंज व बिरलानगर, यूपीएचसी लक्ष्मीगंज, हुरावली, पंतनगर, ठाठीपुर, बहोड़ापुर, निम्माजी की खो व सिविल हॉस्पिटल हजीरा, सिविल डिस्पेंसरी जनकगंज व सिविल अस्पताल हेमसिंह की परेड शामिल हैं।

# गौ माता के लिए हर विधानसभा में बनाया जाएगा रामाधाम -जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी



**मुरैना,कांस।** देश में लगातार हो रही गौ हत्या एवं दयनीय हालत में विचरण कर रही गायों की दशा सुधारने के लिए जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने देश की प्रत्येक विधानसभा में रामाधाम बनाने की तैयारी की है। अल्प प्रवास पर मुरैना पधारे ज्योतिष पीठ के जगदुरु शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने मुरैना रेस्ट हाउस पर गौसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस रामाधाम में गाय माता के शिष्टाचार के तहत सुखपूर्वक निवास करने के लिए उनकी सेवा करने के लिए हम लोगों ने संकल्प लिया है उसके अंतर्गत पहले चरण में इस साल के अंत तक भारत की सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक एक रामा धाम जिसमें 100 गाय सुखपूर्वक निवास करेगी प्रतिष्ठा पूर्वक निवास करेगी उनको निर्मित कर देने का वहां पर विराजमान कर देने हम लोगों ने लक्ष्य लिया है और आपके मुरैना संसदीय क्षेत्र है इसकी 8 विधानसभाए है उन विधानसभाओं में 8 रामाधाम पायलट प्रोजेक्ट के तहत निर्मित करने के लिए कार्य प्रारंभ कर दिया है हमारे गौ सांसद और विधायक आपके मुरैना के गौसांसद रुद्रदेव बजरंगी है जो गौसेवा और इस कार्य में लगातार लगे हुए है हमें अवगत कराते रहते हैं इनके नेतृत्व में मुरैना की सभी 8 विधानसभाओं में गौ विधायकों की नियुक्ति की जा रही है यहां कुछ गौ विधायक आए हुए भी है और 8 विधानसभाओं में 8 रामाधाम इस वर्ष के अंत तक बनाकरके और उसको संचालित करके उसमें जो कमी पेशी होगी उसको दूर करके हम लोग आगे बढ़ना चाहेंगे और यह कार्य हो जाता है तो अगले वर्ष और भी रामाधाम की स्थापना करते हुए जितनी भी हमारे देश में शुद्ध देशी नस्ल की हमारी वेद वर्णित गाय है उनका संरक्षण हम कर लेंगे क्योंकि ये किसी नेता के द्वारा कहा गया था बहुत चर्चित हुआ था हा कसाई गाय काटते जरूर हैं लेकिन उनको कसाई के हाथों में देता कौन है ऐसा कहकर नेताओं ने हम हिंदु आम हिन्दूओं के ऊपर जिम्मेदारी डाल दी थी कि तुम्ही दोषी हो ठीक है तो हम गौमाता का संरक्षण करने के लिए भी व्यवस्था कर रहे है तो ये पायलट प्रोजेक्ट के तहत मुरैना संसदीय क्षेत्र के सभी 8 विधानसभा क्षेत्र में एक एक रामा धाम का निर्माण थोड़े दिनों में आरम्भ होगा। सभी गौ विधायक अपने अपने क्षेत्र में भूमि की प्राप्ति करेंगे भूमि चिन्हित करेंगे और उसके बाद जो उसका एस्टीमेट जो आएगा उसको निकालकर के जन सहयोग से रामाधाम की स्थापना करेंगे।

### नागरिकों की हत्या पर सीधी कार्यवाही की जानी चाहिए, निंदा नहीं- जगद्गुरु शंकराचार्य जी

**ग्वालियर।** हिंदू शांत रहते हैं मात्र इसलिए उसे मार दिया जाए यह कहां का न्याय है अब समय आ गया है कि भारत सरकार पहलगाम में हुए हत्याकांड पर कड़ी कार्यवाही करें तथा अपने निर्दोष नागरिकों की बर्बर हत्या का बदला ले। धर्म पूछ कर मारा जाना, यह बर्बरता की निशानी है। उक्त विचार जगद्गुरु शंकराचार्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर स्वामिश्री: अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने दिए। वे ग्वालियर से आते हुए डॉ दीपिका उपाध्याय के दयालबाग स्थित आवास पर कुछ समय रुके। वहाँ उन्होंने अपने निर्माणाधीन आश्रम का अवलोकन किया तथा गौ माता की मूर्ति स्थापना का आदेश दिया। पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा- भारत भूमि पर गौमाता का रक्त गिरने से बड़ा कोई पाप नहीं है। सरकार को चाहिए कि तत्काल प्रभाव से गो हत्या पर रोक लगाए तथा देशी गाय के संरक्षण के लिए उचित नीति बनाए। आगे पहलगाम की घटना पर तीखी प्रतिक्रिया करते हुए उन्होंने कहा बार-बार पानी बंद करने की हमारी सरकार की ओर से बात की जाती है। क्या सचमुच यह संभव है पानी बंद करा देने की धमकी देने से यह आतंकी कार्यवाही बंद नहीं होगी। अच्छा हो कि अब सीधी कार्यवाही की जाए। अपने देश के नागरिकों को हत्या को सहन करना किसी सक्षम देश की निशानी नहीं है। उन्होंने भक्तों को आशीर्वाद दिया तथा देसी गाय, जिसे शंकराचार्य जी ने रामा गाय का नाम दिया है, के संरक्षण का आह्वान किया। दोपहर 2:00 बजे वह सड़क मार्ग से हरिद्वार के लिए प्रस्थान कर गए, जहां वे बद्रीनाथ तथा केदारनाथ के पट खुलवाएंगे।

### कृषि मंडी में चले लाठी-डण्डे, ट्रेक्टर कांटे पर लगाने पर हुआ था विवाद

**मुरैना,कांस।** कृषि उपज मंडी में ट्रेक्टर कांटे पर लगाने पर हुए विवाद में लाठी,डण्डे चले जिसमें एक किसान घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार चौखूटी निवासी रामनारायण अपने एक परिजन के साथ ट्रेक्टर-ट्रॉली में सरसो बेचने आया था कि उसका ट्रेक्टर कांटे पर आगे लगा था कि उसी समय पीछे लगे बाबरखेडा के किसान ने अपना ट्रेक्टर आगे लगा दिया इसी बात पर विवाद हुआ और विवाद इतना बढ गया कि दोनो ओर से लाठी,डण्डे जमकर चले जिसमें रामौतार पुत्र विजय सिंह घायल हो गया।

# कश्मीर में मारे पर्यटकों को कैंडल मार्च निकालकर दी गई श्रद्धांजलि



**झुण्डपुरा।** कश्मीर के पहलगाम में जिहादी आतंकियों द्वारा पर्यटकों की हत्या के विरोध में कस्बे में भी लोगों में रोष व्याप्त है। गुरु वार देर शाम को कस्बे के हनुमान चौराहा इलाके में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्व समाज तथा हिन्दूवादी संगठनों से जुडे लोगों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर धर्मेन्द्र राठौर ने कहा कि दो दर्जन से अधिक हिंदुओं की धर्म पूछकर चुन चुन कर की गई नृशंस हत्याओं के विरुद्ध पूरे देश में आक्रोश है। आतंकियों की कायराना हरकत को अब देश बर्दास्त नहीं करेगा। इस्लामिक आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछ कर कायरतापूर्ण तरीके से किए हिंदुओं के नरसंहार का बदला लेने का समय अब आ चुका है। देश के लोगों की मांग है अब आतंकवाद के विरुद्ध सख्त कदम उठाने की है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश को भारत सरकार देख लेगी लेकिन अब हम सभी को जातियों में नही बंटना है क्योंकि कट्टरपंथीयों ने किसी से जाति पूछकर उनकी हत्या नहीं की बल्कि जो इस्लाम को नहीं मानते उन्हीं की हत्या की चाहे आप किसी भी जाति के व्यक्ति हो अथवा आप किसी भी धर्म को मानने वाले हो अगर आप इस्लाम को नहीं मानते तो कट्टरपंथीयों के द्वारा आपकी हत्या कर दी जायेगी अब समय आ गया है ऐसे इस्लामीक जिहादियों से अपने देश को बचाना होगा ये हम सभी भारतवासियों की जिम्मेदारी है ।इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। सभी ने अपने अपने विचार भी रखें कार्यक्रम में कैडिल मार्च निकाला गया जिसमें सभी लोग शहीद हुए लोगों की आत्मा की शान्ति की प्रार्थना की गई। हाकिम सिंह,सुरेश जगा,अटलेश राठौर,धुव शर्मा ,सुनील गोयल,हरिओम जिदल,उदय प्रताप,अमनिया सोनी, अभिषेक शर्मा,भोला रावत,अभय शर्मा, सूर्यांश गोयल कान्हा प्रजापति सहित अन्य मौजूद रहे।

# कलेक्टर के अथक प्रयासों से शहरी परियोजना सीएम हेल्पलाइन में प्रदेश में दूसरे स्थान पर



**मुरैना,कांस।** प्रदेश स्तर से प्रतिमाह 20 तारीख को सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग जारी होती है। ग्रेडिंग में वर्तमान माह और पिछले 50 दिनों की सीएम हेल्पलाइन का बेहतर ढंग से निराकरण करने के लिये अधिकारी पूरा भरसक प्रयास करते है। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के विशेष प्रयासों से एवं प्रति सप्ताह सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करने के कारण जिला शहरी परियोजना कार्यालय अप्रैल माह में प्रदेश के दूसरे स्थान पर रहा है।

# अजाक्स ने 6 सूत्रीय मांगो को लेकर रैली निकाल कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा






**मुरैना,कांस।** म.प्र. अनुसूचित जाति/जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ जिला इकाई मुरैना ने बैकलॉग भर्ती,एससी/एसटी छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति, श्री मनोज गौरकेला वरिष्ठ अभिभाषक माननीय सर्वोच्च न्यायालय स्पेशल कौथिक म.प्र. द्वारा बनाए गये पदोन्नति नियम लागू करने, आरक्षण अधिनियम 1994 का उल्लघंन करने सहित 6 सूत्रीय मांगो को लेकर अजाक्स कार्यालय से रैली निकाल कर कलेक्टर कार्यालय पहुँच कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। सौपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता एवं म.प्र. के स्पेशल कोसिल श्री मनोज गोरकेला से नवीन पदोन्ति नियम का ड्राफ्ट तैयार कराया गया, जिसे माननीय सर्वोच्च नयायालय के सेवा निवृत्त न्यायाधीश श्री सिंघवी ने सही बताया और यह नियम 28 जनवरी 2022 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जो निर्णय दिया गया उसके अनुसार नवीन पदोन्नति नियम शीघ्र लागू किया जाए, बैकलॉग पदो की पूर्ति हेतु नियुक्ति कर्ता अधिकारी को निर्देर्शित किया जाए, ठेका पद्धति एवं आउट सोर्सिग की प्रथा को तत्काल बंद किया जाए या संभव होतो इसमें आरक्षण अधिनियम 1994 के प्रावधानों के तहत आरक्षण का पालन सुनिश्चित करने निर्देर्शित कर बिहार सरकार की तरह आरक्षण लागू किया जाए, प्रदेश के कई विभागो में वरिष्ठ अधिकारियो को नजरअंदाज कर कनिष्ठो को उच्च पदो का प्रभार दकर आरक्षित वर्ग के अधिकारियो के साथ भेदभाव को समाप्त किया जाए, अनुसूचित जाति-जनजाति के छात्र-छात्राओ को छात्रवृत्ति समय पर दी जाए एवं प्रदेश के लोकसेवको के हितों के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था शीघ्र लागू की जाए। ज्ञापन देने वालो में संभागीय अध्यक्ष प्रेमसिंह, जिलाध्यक्ष बसंत मौर्य, केएल वर्मा, वीरेन्द्र सिंह, शिवकुमार दोनेरिया, अरूण दोनेरिया, रामदास दोदेरिया, उपेन्द्र,एचएस वरूण, हरीसिंह, सुरेश यादव, महावीर इन्दोलिया, अशोक,हुसियार सिंह, सुनीता माहौर, पूरन सिंह, परिमाल, लाखनसिंह, पवन दोदेरिया, राजकिशोर सहित अन्य कर्मचारी एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

# सीईओ जिला पंचायत ने पहाडगढ़ मुख्यालय पर जल गंगा संवर्धन, पेयजल, ई-केवायसी सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की




**मुरैना,कांस।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव ने गत दिवस मुरैना जिले के पहाडगढ़ विकासखण्ड मुख्यालय पर अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में जल गंगा संवर्धन, पेयजल, ई-केवायसी सहित अन्य योजनाओं पर विस्तार से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान खण्ड स्तर के अधिकारी उपस्थित थे। सीईओ जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 30 जून तक शासन के निर्देशानुसार खेत का पानी खेत में और गांव का पानी गांव में रूके, इसके लिये मिट्टी के कार्यो की प्लानिंग 07 दिवस में अनिवार्य रूप से बनाये। जिसके वीडियो, फोटो आदि निर्धारित पोर्टल पर अपलोड कराये जाना है। अभियान के दौरान किए जाने वाले कार्यों खेत, तालाब,, सॉकपिट, अमृत सरोवर, पुराने तालाबों, कुओं के रीचार्ज कराने एवं पानी को रोकने से सम्बंधित विभिन्न संरचनाओं के सम्बंध में लक्ष्यों से भी अवगत कराया गया। बैठक में मनरेगा के अन्य विभिन्न निर्माण कार्यो, पीएम ग्रामीण आवास, आवास सर्वे, स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय, सामूहिक स्वच्छता परिसर, पंचायत कर अधिरोपण एवं वसूली, सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरण, समग्र एवं खाद्यान पर्ची से सम्बंधि ई-केवायसी, पंचायत भवन, आंगनबाडी भवन, पेयजल योजनाओं, ग्रामीण आजीविका मिशन आदि से सम्बंधित लंबित कार्यो को 07 सप्ताह के अन्दर पूर्ण कराने के निदेश दिये।

# राज्य सरकार सेवा भाव के साथ जन-कल्याण के लिए कर रही है कार्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्रधानमंत्री श्री मोदी के विरासत के साथ विकास के मंत्र को चरितार्थ करने राज्य सरकार प्रतिबद्ध उद्योग, रोजगार, कृषि, कौशल उन्नयन के लिए तेजी से हो रहा है कार्य

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत ञ्च2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार मिशन मोड में कार्य कर रही है। प्रदेश के गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी सशक्तिकरण के लिए 4 मिशन की शुरुआत कर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में कार्य करने का अवसर मिलना, हमारा सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि कर्मशीलता जीवन का ध्येय है और कार्य का मूल्यांकन तो समाज और संगठन करता है। मध्यप्रदेश अर्थव्यवस्था की दृष्टि से भारत का सबसे तेज गति से बढ़ने वाला राज्य है। राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ाने के लिए सरकार ने पहले संभागीय स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव (आरआईसी) और भोपाल में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2025 आयोजित कीं, जिससे 30 लाख करोड़ से अधिक का निवेश प्राप्त हुआ। प्रदेश की इंडस्ट्रियल ग्रोथ रेट 12 प्रतिशत से अधिक है। राज्य सरकार ने दुग्ध उत्पादन क्षमता 9% से बढ़ाकर 20% तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। सरकार



मुख्यमंत्री ने स्टेट ऑफ स्टेट्स कॉन्क्लेव को किया संबोधित

विरासत के साथ विकास के मूल मंत्र पर कार्य करते हुए मध्यप्रदेश को अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार ने इस वर्ष 4 लाख 21 हजार करोड़ का बजट प्रस्तुत किया है। यह प्रदेश की ग्रोथ को दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्टेट ऑफ स्टेट्स कॉन्क्लेव में उल्लेखनीय उपलब्धियों के साथ प्रदेश सरकार के 500 दिन पूर्ण होने पर यह विचार रखे। कॉन्क्लेव में पहलगाम आतंकी हमले में दिवंगत पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज प्रदेश में 100 से अधिक औद्योगिक पार्क स्थापित हो चुके हैं। हर सेक्टर में निवेशक उद्योग-व्यापार करने के लिए मध्यप्रदेश का रुख कर रहे हैं। यह प्रदेश की उपलब्धि है कि दक्षिण के राज्यों में कॉटन (कपास) के क्षेत्र में कार्य करने वाली औद्योगिक इकाइयां भी मध्यप्रदेश आ रही हैं। आगामी वर्षों में राज्य में बड़े पैमाने पर युवाओं को रोजगार मिलेगा, साथ ही शासकीय पदों पर भी भर्ती जारी रहेगी। सरकार ने 5 वर्ष में ढ़ाई लाख नौकरियां देने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि किसान-कल्याण और खेती को फायदे की गतिविधि बनाने के लिए समग्र रूप से गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। गेहूं का मूल्य कभी 600 रुपए हुआ करता था, जिसे आज हमारी सरकार 2600 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीद रही है। किसानों की समृद्धि के लिए नई योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है। किसानों को धान और सोयाबीन के साथ कम पानी और लागत वाली वैकल्पिक फसलों की खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

वल्लभाचार्य जी के 548वें प्राकट्य महोत्सव का दूसरा दिन...

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बच्चे व बुजुर्गों ने दिखाई प्रतिभा



**ग्वालियर,नसं.।** अंतरराष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद द्वारा मनाए जा रहे जगद्गुरु महाप्रभु वल्लभाचार्य जी के 548वें प्राकट्य महोत्सव के दूसरे दिन गिर्राज धर्मशाला, दौलतगंज में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें बच्चों एवं बुजुर्ग वैष्णवों ने भाग लिया।

परिषद के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल, कोषाध्यक्ष मुरली मनोहर अग्रवाल एवं सहमंत्री पुरुषोत्तम सिंघल ने बताया कि इसके लिए पुष्टि जिज्ञासा पुस्तक में से प्रश्नों का चयन कर प्रश्न-पत्र तैयार किया गया। इस प्रश्नोत्तरी को तैयार करने में मुख्य भूमिका जमुनादास मुखिया, प्रकाश व्यास मुखिया, प्रणय अग्रवाल पप्पू, मोहनदास अग्रवाल, नीलिमा अग्रवाल एवं सीता नाहर की रही। इससे पहले प्रातः गिर्राज धर्मशाला, दौलतगंज में परिषद द्वारा ठाकुर जी का पालना मनोरथ का लाभ लिया गया। वैष्णवाचार्य दिव्येश कुमार महाराज द्वारा ठाकुर जी को लाड लड़ाये गए एवं तिलक आरती की गई। इस सुंदर मनोरथ में ठाकुर जी का विशेष श्रृंगार किया गया। फिर सायंकाल महाराज श्री के वचनामृत हुए। इस अवसर पर प्रणय सिंघल, यमुनेश नाहर, कुम्भन अग्रवाल, उदित मंगल, अनुभव सिंहल, राजीव गर्ग, नवनीत अग्रवाल, लक्ष्मण दास सिंघल, सौरभ माहेश्वरी, रविन्द्र सिंघल चौबे, पुष्पा रस्तोगी, शशि किरण मुखिया, ममता गोयल, कुंजलता अग्रवाल, नीलिमा अग्रवाल, अमिता दवे, राखी व्यास आदि उपस्थित रहे।प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा हर वर्ष गूढ़ तैयारी करके भाग लिया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार




### निगम अमले ने की अवैध निर्माणों को तोड़ने एवं अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने तथा अवैध निर्माणों को तोड़ने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सीएम हेल्पलाईन व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत शहर के अनेक क्षेत्रों से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से बनें चबूतरे, बाथरूम, स्लेब, टपरे आदि तोड़ने की कार्यवाही की तथा सड़कों, फुटपाथों आदि पर अवैध रूप से रखे काउंटर, गन्ने की चरखी, बांस बल्ली, फर्शियां व भवन निर्माण सामग्री, जनरेटर सहित दुकानों के सामने रखा विभिन्न प्रकार का सामान हटाया और ठेले, बड़ी गुमठी, पान पार्लर, छतरी, पन्नी, लोहे का फ्रेम व टायर आदि जप्त करने की कार्यवाही की। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने शुक्रवार को नारायण नगर, अवधपुरी, तुलसी परिसर, पिपलानी, बरखेड़ी, न्यू मार्केट के अंदर एवं बाहर, पंजाबी बाग, टीला जमालपुरा, इंद्रा नगर, शाहजहानाबाद, संजय नगर, बिट्टन मार्केट, गीतांजलि काम्प्लेक्स चैराहा, बरखेड़ा पठानी, कोलार रोड, महाबलीपुरम गेट, डीमार्ट, ललिता नगर, सर्वधर्म कालोनी, बंजारी हिल्स, एम.पी.नगर जोन-02, प्रेस काम्प्लेक्स, विशाल मेगामार्ट, मानसरोवर काम्पलेक्टस, लिंक रोड नं. 01, 02 एवं 03, रायसेन रोड, केपिटल पेट्रोल पंप, प्रभात पेट्रोल पंप, सुभाष नगर, लिली टॉकीज, लेडी हास्पिटल, एयरपोर्ट रोड, मनुआभान टेकरी, रेतघाट आदि क्षेत्रों में अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही करते हुए ।



### विक्रम उद्योगपुरी को मेगा इन्वेस्टमेंट जोन के रूप में विकसित करें : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विक्रम उद्योगपुरी को मेगा इन्वेस्टमेंट जोन के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर विचार किया जाए। उज्जैन में आईटी पार्क के द्वितीय चरण का कार्य समय सीमा निर्धारित कर पीपीपी मोड पर तत्काल आरंभ किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपीएसआईडीसी) के संचालक मंडल की बैठक में निर्देश दिये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने औद्योगिक कम्पनियों को दीर्घकालीन, अल्पकालीन ऋण, पूंजीगत सब्सिडी आदि के रूप में दी जाने वाली वित्तीय सहायता के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए ऋणों की वसूली की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन श्री राघवेन्द्र सिंह तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर के राजधानी में विरोध प्रदर्शन जारी

**भोपाल,ब्यूरो।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 27 पर्यटकों की मौत के बाद देशभर में आक्रोश फैला हुआ है। हैवानियत भरी इस कायराना हरकत की निंदा और विरोध करते हुए भोपाल में कई जगह प्रदर्शन किया गया। हमले को लेकर मुस्लिम समाज में भी गुस्सा फैला हुआ है, और मुस्लिम युवाओ सहित बच्चो और महिलॉओ द्वारा सड़को पर लगातार विरोध प्रदर्शन किये जा रहे है। शहर के इमामी गेट पर शुक्रवार को मुस्लिम समाज द्वारा काली पट्टी बांधकर आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए आतंकवाद का पुतला जलाया। इस दौरान मुस्तकीम कुरैशी ने कहा, कश्मीर की इंसानियत का कत्ल है। प्रधानमंत्री से हम यह कहना चाहते हैं, कि पाकिस्तान की बॉर्डर खोल दो और हिंदुस्तान के मुसलमान को बॉर्डर पर






छोड़ दो, हम अपराधियो को पाकिस्तान में घुसकर खुद ही सजा देगें। उन्होंने आगे कहा कि आतंकवाद किसी धर्म या देश का प्रतिनिधित्व नहीं करता और इसके अपराधियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि, काली पट्टी बांधकर हम यह संदेश दे रहे हैं कि हम आतंकवाद की घटना के खिलाफ हैं। पहलगाम में हुई घटना को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। आतंकवादियों को पकड़कर फांसी दी जानी चाहिए। हमले को लेकर मुस्लिम धर्म गुरु मौलाना सैय्यद अनस अली ने कहा की कुरान में अल्लाह फरमाता है कि जिसने एक इंसान का कत्ल किया उसने पूरी इंसानियत का कत्ल् किया। हमारे भारतीयों का खून बहाया गया है, यह दुख और शर्म की बात है। धर्म का नाम बदनाम किया जा रहा है। हम पाकिस्तान और आतंकवाद से बदला लेना चाहते हैं। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने भी हिस्सा लेते लिया। विरोध स्वरुप महिलाओ में काले कपड़े पहने वहीं बच्चे हाथो में काली पट्टी बांधकर पाकिस्तान के खिलाफ नारे लिखे बैनर थामे हुए थे। महिलाओं ने कहा कि हम अपने बच्चों को सुरक्षित भविष्य देना चाहते हैं, लेकिन पाकिस्तानी आतंकवाद हमारी शांति को खत्म कर रहा है। प्रदर्शन में शामिल समाजसेवी अनवर पठान ने कहा, यह हमला न सिर्फ कश्मीर पर, बल्कि पूरे भारत पर हमला है। हम सरकार से मांग करते हैं कि वह जल्द से जल्द इस मामले में कड़ी कार्रवाई करे।

पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित इस आतंकवाद को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई) ने बंद के आह्वान पर 26 अप्रैल को भोपाल आधे दिन बंद रहेगा। इस फैसले का शहर के व्यापारिक संगठनों ने समर्थन किया है।

## एमपी में सीएम, मंत्रियों के साथ सांसद-विधायकों को भी सैल्यूट करेगें पुलिस अफसर और कर्मचारी

**भोपाल,ब्यूरो।** मध्यप्रदेश में पुलिस अफसरों और कर्मचारियों को सीएम और मंत्रियों के साथ ही अब सांसद-विधायकों को भी सैल्यूट करना होगा। इस संबध में डीजीपी कैलाश मकवाना ने 24 अप्रैल को निर्देश जारी करते हुए यह भी निर्देश दिये है, कि मिलने आये किसी भी जनप्रतिनिधि के साथ शिष्ट व्यवहार में कमी नहीं होनी चाहिए। यदि सांसद या विधायक मिलने आए तो पुलिस अफसरों को प्राथमिकता के आधार पर उनसे मुलाकात कर उनकी बात सुननी होगी। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने इसके निर्देश प्रदेश की सभी पुलिस इकाइयों को जारी कर इसका पालन करने के लिए कहा है। सभी सांसद, विधायकों को सरकारी कार्यक्रम या सामान्य मुलाकात के दौरान उनका अभिवादन वर्दीधारी अधिकारी और कर्मचारी सैल्यूट करके करेंगे। अपने निर्देश में डीजीपी ने यह भी कहा है, कि सांसदों, विधायकों द्वारा जब भी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से मोबाइल, दूरभाष पर जन समस्या को लेकर संपर्क किया जाता है, तो अधिकारी-कर्मचारी की जिम्मेदारी होगी कि संवाद के दौरान उनकी बात पूरे धयान से सुनते हुए शिष्टता के साथ जवाब देंगे। डीजीपी ने सांसदों, विधायकों के सम्मान को लेकर जारी निर्देश में आठ अलग-अलग परिपत्रों का जिक्र किया है। ये सर्कुलर पुलिस महकमे के अफसरों के लिए 23 जनवरी 2004, 18 मई 2007, 22 मार्च 2011, 24 अक्टूबर 2017, 19 जुलाई 2019, 11 दिसम्बर 2019, 12 नवम्बर 2021 तथा 4 अप्रेल 2022 को शासन द्वारा जारी किए गए हैं।

## सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित समीति ने गैस पीड़ित बस्तियो का किया निरिक्षण



**भोपाल,ब्यूरो।** सुप्रीम कोर्ट के 30 अगस्त 2018 के आदेश के परिपालन संबध में शुक्रवार को यूनियन कार्बाइड के आस पास की 42 प्रदूषित मोहल्लों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा निगरानी समिति के आदेश पर भोपाल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुनित अग्रवाल की अध्यक्षता में 19 मोहल्लों का निरीक्षण किया गया।

गौरतलब हैं कि साल 2004 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा कार्बाइड कारखाने के आस-पास के 14 मोहल्लो का भूजल में कार्बाइड के जहर (हैवी मेटल्स, पेस्टीसिड्स और पर्सिस्टें आर्गेनिक पोलूटेंट्स) मिलने के बाद इन सभी मोहल्लो में पाइप लाइन से साफ़ पानी उपलब्श कराने के आदेश दिये थे। भोपाल ग्रुप फॉर इनफार्मेशन एन्ड एक्शन की रचना ढिंगरा ने जानकारी देते हुए बताया की साल 2012 में आईआईटीआर (इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टॉक्सीकॉलिजिकल रिसर्च) द्वारा इन 14 बस्तियों के अलावा 8 और मोहल्लो का पानी कार्बाइड के जहर से प्रदूषित पाया गया ।

## उत्सव वाटिका सहित कई जगहों पर लगी आग, फायर अमले ने बुझाई

**ग्वालियर,नसं.।** शुक्रवार को भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आग लगने की घटनायें घटी। आग शहर की प्रसिद्ध उत्सव वाटिका में भी लगी। आगजनी में गार्डन का एंट्रेंस का हिस्सा जल पाया। आग की सूचना पर निगम के फायर अमले ने तत्काल कार्यवाही कर आग को बुझाया। आगजनी में नुकसान भी हुआ है। उपायुक्त सतपाल सिंह ने बताया कि रात्रि में कंट्रोल रूम द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा के मकान के बगल में आग लगी हुई है। सूचना पर आग को बूझाया गया। इसके साथ ही सुबह महेंद्र सिंह द्वारा सूचना दी गई कि 1000 बिस्तर हॉस्पिटल की चैथी मंजिल की खिड़की में आग लगी थी। जिसको बूझाकर बड़ा नुकसान बचाया गया। साथ ही उमाशंकर ने बताया की सुरेश



नगर में शंकर फार्म के पास खंभे में आग लगी है जिसको मुरार फायर सब स्टेशन की गाड़ी द्वारा बुझाया गया। जीवाजी क्लब के सामने उत्सव वाटिका में भी शुक्रवार को आग आग लग गई।

आग की सूचना पर फायर अमले ने दो गाड़ियां भेजकर आग पर काबू पाया। फायर वाहनों के समय पर पहुंचने से उत्सव वाटिका के पूरे गार्डन को सुरक्षित बचा लिया गया। गार्डन का केवल एंट्रेंस का हिस्सा ही जल पाया। इसके साथ ही ग्राम सोसा, उटीला थाना अंतर्गत विभिन्न खेतों में आग लगी जिसको मुरार सब स्टेशन की गाड़ी ने बुझाया। साथ ही गोकुलपुर सम्भू पुरा गांव में जंगल में आग लगी है। जिसको भी बुझाया गया। इसके साथ ही पुरानी छावनी पर भूसे में आगजनी की घटना घटी। साथ ही केदारपुर लैंडफिल साइट, 60 फूटा रोड आदि जगह पर कचरे के ढेर में लगी आग को बुझाया गया। थाना उटीला अंतर्गत भाटौली सोसा गांव के बीच आग लगने पर फायर वाहन द्वारा 6 गाड़ी पानी फायरिंग कर आग को बुझाया गया। इसके साथ ही भटपुरा में खेतों में आग लगने पर एक गाड़ी पानी फायरिंग कर बुझाया गया। ग्राम बंधोली में जंगल में आग पर कार्य जारी है। थाना घाटीगांव अंतर्गत हाईवे के किनारे जंगल में आग लगे होने पर फायर विभाग द्वारा आग बुझाने का कार्य जारी है।

# विकास को वरदान बनाता है संस्कार : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

### उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल श्री बागेश्वर कसौधन वैश्य समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए

**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि व्यक्तियों के समूह से समाज बनता है और समाज से देश का निर्माण होता है, लेकिन संस्कार देने का कार्य समाज करता है। विकास को वरदान बनाता है संस्कार। संस्कार से ही सशक्त समाज की रचना होती है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ड्रीम वर्ल्ड गार्डन एवं रिसोर्ट गोम्मटगिरि इंदौर में आयोजित श्री बागेश्वर कसौधन वैश्य समाज की




राष्ट्रीय कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि भगवान शिव के अवतार है बागेश्वर और ऋषि कश्यप के वंशज है, जिनका संबंध कश्मीर से है। बागेश्वर कसौधन वैश्य समाज देशभर में फैला है और यह शिक्षा, स्वास्थ्य के बेहतरी के साथ सामूहिक विवाह जैसे कार्य भी कर रहा है, जो अनुकरणीय है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और बेहतर रोजगार के क्षेत्र में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं चल रही है। जिसमें आयुष्मान भारत योजना, लाड़ली बहना योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, स्टार्टअप योजना आदि शामिल है। इन योजनाओं से समाज लाभान्वित हुआ है और उनके जीवन में बदलाव आया। श्री शुक्ल ने कहा कि देश में जितने अधिक रोजगार के अवसर होंगे, भारत उतनी तेजी से आर्थिक महाशक्ति बनेगा। इसमें हर समाज अपनी भूमिका निभायें। श्री शुक्ल ने युवाओं से आहवान किया कि देश को आगे बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाये और नशे से दूर रहें। सामाजिक उत्थान के साथ धार्मिक उत्थान की दिशा में भी कार्य करें, जिससे सनातन धर्म और मजबूत हो। श्री शुक्ल ने इंदौर के नागरिकों की स्वच्छता के संस्कार की प्रशंसा करते हुए कहा कि देश को स्वच्छ बनाने की पहल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने की थी, लेकिन इसमें इंदौर ने अहम भूमिका निभाई। इंदौर के नागरिक स्वच्छता के प्रति बड़े सजग है। वे चॉकलेट के रैपर से केले के छिलके तक को सड़क पर नहीं फेंकते। इसी वजह से इंदौर शहर पूरे देश में लगातार सातवीं बार स्वच्छता में नम्बर वन बना हुआ है। यह साधारण बात नहीं, बगैर इच्छा शक्ति के यह संभव नहीं है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि हमारे यहां बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री भी है, जो सनातन धर्म की ध्वजा को पूरे देश में फैला रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।